* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

श्री कृष्ण जन्माष्टमी

रांची 26 अगस्त, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 306, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

पिछले साढ़े 4 साल में आपको

मिला क्या?

5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी

गरीब परिवारों को सालाना ₹72,000

सरकारी नौकरी मिलने तक ₹5000-7000 बेरोजगारी भत्ता

महिलाओं को आधार कार्ड पर ₹50,000 का लोन

गरीब महिलाओं को ₹2,000 चूल्हा-चौका भत्ता

विधवा माताओं-बहनों को वित्तीय सहायता

सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स एवं दवाइयाँ

नवविवाहित महिलाओं को सोने का सिक्का

पलामू चाईबासा हजारीबाग उपराजधानी

किसानों के लिए हर पंचायत में कोल्ड स्टोरेज

*और 300 से ज्यादा वादे रहे अधूरे

कुछ नहीं मिला

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,700 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो
आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# धनबाद में तेजी से उभरते नये चेहरे का मकड़जाल, किसके सिर सजेगा ताज?

## ■ दावेदारों की फेहरिस्त से जूझ रही हैं सभी राजनीतिक पार्टियां

## ■ कोयला राजधानी में आम मतदाताओं में पसरी है खामोशी

*यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।*
*स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥*

भागवत गीता के तृतीय अध्याय, श्लोक 21 में कहा गया है कि श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण यानी जो-जो काम करते हैं, दूसरे मनुष्य (आम इंसान) भी वैसा ही आचरण, वैसा ही काम करते हैं। श्रेष्ठ पुरुष जो प्रमाण या उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, समस्त मानव-समुदाय उसी का अनुसरण करने लग जाते हैं। श्रीकृष्ण सिर्फ कर्म करने की प्रेरणा देते हैं। इसलिए मानव को केबल और केबल कर्म में लीन रहना चाहिए जिससे वह श्रेष्ठ पुरुष का उदाहरण प्रस्तुत करे ताकि मानव उसी का अनुसरण करने लगे।

झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है। झारखंड में सभी 81 सीटों पर राजनीतिक समीकरण बैठाने की जुगत जहां धीरे-धीरे आकार लेता जा रहा है, वहीं सभी 81 विधानसभा सीटों से अगला विधायक कौन? पर चर्चा और जातीय समीकरण की गोटी भी उछाल पर है। राजनीतिक दलों के कर्णधार पर सीटों पर भावी विधायक की दावेदारी पुख्ता के लिए जिला स्तरीय, मंडल स्तरीय, बूथ स्तरीय दावेदारों के नाम मांगे जा रहे हैं ताकि प्रदेश संगठन इसपर विचार करे। वहीं धन बल और प्रभावशाली व्यक्तित्व भी व्यक्तिगत स्तर पर राजनीतिक प्रवेश चाहते हुए विधानसभा चुनाव लड़ने की स्पर्धा में जोरशोर से शिरकत कर रहे हैं। पेड सोशल मीडिया के जरिए अपने व्यक्तित्व का बखान इसकदर कर रहे हैं जैसे वह कोई ठोस राजनीतिज्ञ, प्रभावशाली समाजसेवी या फिर बहुत बड़ा रोबिनहुड या स्कॉलर हो। लेकिन, झारखंड की जनता का मूड इसबार कुछ अलग चाह रहा है। बीते लोकसभा चुनाव के दरम्यान झारखंड की जनता ने संकेत दे दिए हैं कि वे कर्म की कसौटी पर परखेंगे तभी अपना मत देंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में भी जनता उन्हीं को वोट करने का मन बनाया है जो उनकी कसौटी पर खड़ा हो। ऐसे में राजनीतिक दलों के सामने विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी का चयन भी चुनौती से भरा है। झारखंड के धनबाद जिला के छह विधानसभा जिनमें गिरिडीह लोकसभा के दो बाघमारा और टुंडी विधानसभा सीट तथा धनबाद लोकसभा के चार विधानसभा सिंदरी, निरसा, झरिया और धनबाद विधानसभा सीट से अगला विधायक कौन ? की कड़ी में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झारखंड में भाजपा की अभेद्य किला धनबाद विधानसभा सीट पर क्या है राजनीतिक समीकरण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता मनोज मिश्र।**

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सियासत में धनबाद जिला का योगदान और यहां का तूफान दोनों की पहचान लोकप्रिय और चर्चित होने के साथ प्रसांगिक भी है। धनबाद जिला के सभी विधानसभा पर कभी कांग्रेस का कब्जा था लेकिन समय रहते संगठन ने युवाओं को मौका नहीं दिया और परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस की विरासत धनबाद लालझंडे तले आ गया और वामपंथी का गढ़ बन गया। समय बदला और समय की मांग ने लालझंडा को उखाड़ फेंका और धनबाद जिला केसरिया रंग में रंग गया। केसरिया रंग में रंगा धनबाद को भाजपा का गढ़ माना जाता है। हालांकि, समय समय पर धनबाद जिला चेताया है कि समय की मांग ही हमें मंजूर है।

सत्तारूढ़ जेएमएम पार्टी का गठन भी धनबाद में ही हुआ लेकिन अब तक जेएमएम टुंडी विधानसभा से ही जीत दर्ज कर पाया है। वर्तमान में धनबाद जिला के छह विधानसभा में से चार सिंदरी, निरसा, बाघमारा और धनबाद विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं। वहीं झरिया सीट से कांग्रेस के विधायक और टुंडी से जेएमएम के विधायक हैं।

विधानसभा चुनाव में अभी देरी है लेकिन धनबाद जिला की सभी छह सीटों के लिए दावेदारी शुरू है। दावेदारों की लिस्ट लंबी होती जा रही है। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस, राजद, जदयू, जेएमएम पार्टी के दावेदार विधानसभा सीटों पर अपनी दावेदारी पुख्ता कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों से बायोडाटा मांगा है। वहीं भाजपा में दावेदार धमासान मचाए हुए हैं। भीतरी लड़ाई सतह पर आने लगी है। वहीं पार्टी छोड़ने और शामिल होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बाघमारा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले रोहित यादव ने अपने समर्थकों के साथ राजद छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इधर, स्वच्छ अपनी छवि बनाने की भी होड़ लगी है। बैनर पोस्टर, सोशल मीडिया पर पेड न्यूज तथा पेड यूट्यूबर के जरिए चेहरा चमकाने पर लाखों खर्च अभी से शुरू हो गया है।

इनसब के बीच सबसे अधिक चर्चा धनबाद विधानसभा सीट को लेकर है। धनबाद विधानसभा सीट बीजेपी नेताओं के लिए हॉट सीट बन गई है। टिकट के लिए बीजेपी नेता आपस में विरोधी दलों की तरह एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। कोई विधायक के पूरे कार्यकाल पर सवाल उठा रहा है तो कोई उसपर पलटवार कर रहा है। वहीं कांग्रेस पार्टी के दावेदारों की लिस्ट भी धनबाद विधानसभा सीट पर लंबी होती जा रही है। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों से बायोडाटा मांगा है जिसमें अबतक 6 कांग्रेसियों ने धनबाद सीट के लिए दावेदारी पेश की है। दावेदारी जमा करने का अंतिम तिथि 28 अगस्त है।

इधर, धनबाद विधानसभा के विभिन्न इलाकों में समाजसेवी सह प्रख्यात उद्योगपति एलबी सिंह दौरा शुरू कर चुके हैं। इनकी मंशा धनबाद विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की है। इसके लिए एलबी सिंह अब वर्तमान भाजपा विधायक राज सिन्हा को सीधे जुबानी हमले से टारगेट भी कर रहें हैं। वहीं जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने और उसके निदान की भी बात कह रहे हैं। यहां बता दें कि धनबाद कोयलांचल क्षेत्र में अपने व्यवसाय के लिए पहचान रखने वाले रसूखदार एलबी सिंह पहले कभी भी जनता के बीच नहीं गए। इनकी बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग के जरिए कोयला उत्खनन का कार्य चलता है। आउटसोर्सिंग स्थल के आसपास बसी आबादी के साथ अक्सर विवाद होता रहा है। ग्रामीण और इनकी कंपनी के बीच उपजे विवादों और मारपीट को बयां नहीं किया जा सकता।

धनबाद सीट के दावेदारी में एक ऐसे भी दावेदार हैं जो सालों तक कांग्रेस के प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभायी लेकिन, विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अपनी अलग पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हालांकि, इनकी पहचान अपनी गली तक सीमित है। वहीं धनबाद सीट से एक अस्पताल निदेशक भी भाग्य आजमाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। हालांकि, इनकी आलोचनाओं का बाजार सबसे अधिक गर्म है। लोग यहां तक कह रहे हैं कि मुर्दे तक से पैसा उगाही करनेवाला यह इंसान जनता का क्या भला करेगा।

इधर, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने राज्य की करीब 50 से अधिक विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारने का एलान कर दिया है। इसका प्रभाव धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा सीटों पर पड़ेगा। धनबाद विधानसभा सीट भी अछूता नहीं है। दावेदारों का टारगेट जेबीकेएसएस पार्टी भी है। सफेदपोश दावेदार इस फिराक में हैं कि उन्हें यदि भाजपा या कांग्रेस से टिकट नहीं मिली तो जेबीकेएसएस पार्टी में शामिल होकर चुनाव लड़ेंगे। ज्ञात हो कि जयराम महतो ने बीते दिनों घोषणा करते हुए कहा था कि सिंदरी, टुंडी, बाघमारा में उनके पार्टी का जनादेश है वहां प्रत्याशी देंगे और धनबाद सीट पर जनाधार कम है लेकिन यहां भी प्रत्याशी देंगे और जो चेहरा सामने आएगा वह चौंकाने वाला होगा। यही वजह है कि सफेदपोश धनबाद सीट के दावेदार अभी अपना पता नहीं खोल रहे हैं और समय की ताक में है। इधर, जदयू भी जिन तीन सीटों पर दावेदारी पेश कर रहा है उनमें टुंडी, झरिया और धनबाद शामिल है।




### कांग्रेस खेमे में दावेदारों की लंबी लिस्ट पर राजनीतिक रसूख एक का भी नहीं

धनबाद विधानसभा सीट पर चुनावी मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच रही है। आगामी विधानसभा चुनाव-24 के मद्देनजर धनबाद सीट से कांग्रेस खेमे में दावेदारों की लंबी लिस्ट तो है पर इनमें से एक की भी राजनीतिक रसूख नहीं कहा जा सकता है। अभी तक धनबाद सीट से कांग्रेस के दावेदारों में पंकज कुमार, रवि चौधरी, बैभव सिन्हा, रविरंजन सिंह, गौरीशंकर प्रसाद, महेश शर्मा सहित छह लोगों ने कांग्रेस से टिकट की दावेदारी के लिए पर्चा भरा है। दो दिनों के भीतर कुछ और नाम शामिल होंगे। लेकिन अबतक जो नाम सामने आए हैं उनमें से बैभव सिंहा राजनीतिक बिरासत रखते हैं और कोयलांचल के पहले माफिया डॉन कहे जाने वाले कांग्रेस नेता बीपी सिंहा के पोते हैं। वहीं रवि चौधरी एक सफल बिजनेस मैन और शिक्षा जगत में अपने टेक्निकल कॉलेज, बीएड कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, समेत विभिन्न शिक्षा व्यवसाय के लिए झारखंड और बिहार में पहचान रखते हैं। रवि चौधरी और वैभव सिंहा दोनों ही भूमिहार जाति से तालुक रखते हैं। दमदार चेहरा की बात करें तो भाजपा के मुकाबले कांग्रेस में दमदार चेहरे की कमी है। संगठन में गुटबाजी के कारण दमदार चेहरे नहीं बने जो उभरे उन्हें खींचतान कर नीचे ढकेल दिया गया।

### अनुपमा की धनबाद पर नजर तो गुड्डू की चर्चा

धनबाद सीट से कांग्रेस के टिकट से कांग्रेस नेता धनबाद लोकसभा की प्रत्याशी रही अनुपमा सिंह की दावेदारी की भी चर्चा है। लोकसभा चुनाव हारने के बाद से ही संकेत दिए गए कि अनुपमा सिंह धनबाद विधानसभा सीट से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ सकती है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही अनुपमा सिंह धनबाद जिला में जमी हुई है। यहां अनुपमा इंटक संगठन को मजबूती देते हुए धनबाद जिला के जनता से संवाद बना रही हैं। अटकलें हैं कि अनुपमा सिंह धनबाद विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकतीं हैं। बता दें कि अनुपमा सिंह के पति अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल झारखंड के बेरमो से कांग्रेस के विधायक हैं और वे इसबार भी बेरमो से चुनावी मैदान में होंगे। इधर, कांग्रेस की झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर रघुकुल के अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू का नाम धनबाद विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की लिस्ट में चर्चा में है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बीते लोकसभा चुनाव में ही अभिषेक सिंह पर दांव लगाना चाहता था। कांग्रेस की सर्वेक्षण टीम ने अभिषेक सिंह के नाम पर एक सर्वे भी किया था लेकिन रघुकुल परिवार से लोकसभा चुनाव ना लड़ने का फैसला पर अभिषेक सिंह का नाम कांग्रेस सर्वेक्षण टीम ने पीछे खींच लिया। सूत्र बताते हैं कि पूर्व डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता दिवंगत नीरज सिंह के साथ परछाई की तरह गुड्डू जी उर्फ अभिषेक सिंह का नाम जोड़ा जाता था। अभिषेक सिंह की छवि साफ सुथरी रही है और नीरज सिंह के विचारों और संकल्प से पोषित रहा है। कांग्रेस से धनबाद विधानसभा सीट से गुड्डू जी उर्फ अभिषेक सिंह की दावेदारी भी पुख्ता बतायी जा रही है। कई तरह की चर्चाएं हैं।

### भाजपा विधायक राज सिन्हा के सामने चुनौतियों का अंबार

भाजपा से तीसरी बार धनबाद सीट से विधायक बनने का सपना ही नहीं हकीकत बुनने की दिशा में प्रयास कर रहे धनबाद के निवर्तमान भाजपा विधायक राज सिन्हा के लिए विधानसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले चुनौतियों का अंबार खड़ा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के निशाने पर है। कुछ कार्यकर्ताओं ने विधायक राज सिन्हा के खिलाफ प्रदेश स्तरीय नेता की उपस्थिति में दो-दो बार मुर्दाबाद के नारे लगाये, हटाओ भाजपा बचाओ की आवाज बुलंद की गयी। वहीं एलबी सिंह अब विधायक राज सिन्हा को सीधे जुबानी हमले से टारगेट भी कर रहे हैं। विधायक राज सिन्हा और एलबी सिंह के बीच जुबानी हमला शुरू हो गया है। बीते 20 अगस्त को सड़क पर जलजमाव को लेकर धैया में विधायक राज सिन्हा ने कई लोगों के साथ जल सत्याग्रह किया तो एलबी सिंह ने आरोपों की बौछार कर दी। एलबी सिंह ने निकम्मा जनसेवक करार देते हुए कहा कि वे 10 साल विधायक रहे। अगर काम किया होता तो जल सत्याग्रह करने की नौबत नहीं आती। हालांकि, दूसरी ओर धनबाद विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक राज सिन्हा आश्वस्त हैं कि भाजपा उन्हें तीसरी बार मौका देगी। उन्होंने धनबाद सीट से दावेदारों और टिकट के सवाल पर मीडिया से कहा कि पार्टी निर्णय लेगी किसको टिकट देना है और किसको नहीं। जनता जिस पर मुहर लगाएगी, वही चुनाव जीतेगा। चुनाव जीतने के लिए अलग से तैयारी नहीं करनी है। हम जब से विधायक बने हैं गली, नाली और मुहल्ले में ही घूमते रहे हैं और जनता के बीच ही रहे हैं। जनता फिर जिताएगी तो जीतेंगे। उन्होंने, एलबी सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पार्टी का नया चेहरा है। ऐसा आसमान में बहुत उड़ता रहता है।

यहां बता दें कि निवर्तमान विधायक राज सिन्हा साल 2009 में पहली बार भाजपा के टिकट से धनबाद विधानसभा सीट चुनाव लड़े लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। साल 2009 में भाजपा के राज सिंहा को 34.47 प्रतिशत वोट मिले जबकि कांग्रेस के मन्नान मलिक को 35.02 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं निर्दलीय नीरज सिंह को 11.21 प्रतिशत वोट मिले थे। पहली बार चुनाव में उतरे निर्दलीय प्रत्याशी नीरज सिंह भाजपा के लिए हार का कारण बने और राज सिंहा चुनाव मामूली वोट के अंतर से हार गए। कांग्रेस से मन्नान मलिक चुनाव जीते। साल 2014 में भाजपा ने फिर एकबार राज सहिा को टिकट दिया और भाजपा 58.18 प्रतिशत वोट शेयरिंग के साथ जीती। राज सिंहा पहली बार धनबाद के विधायक बने। कांग्रेस के मन्नान मलिक को 34.84 प्रतिशत वोट मिला था। भाजपा और राज सिंहा के लिए गनीमत रही कि नीरज सिंह जो भाजपा के लिए साल 2009 में हार के कारण बने थे, वे कांग्रेस में शामिल होकर झरिया सीट से अपने चचेरे भाई के खिलाफ चुनाव लड़े और हार गए। भाजपा को फायदा मिला कि धनबाद सीट और झरिया दोनों जीती। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार धनबाद सीट से राज सिन्हा पर भरोसा जताया और वे जीते। इस बार भी राज सिन्हा के सामने पुराने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के मन्नान मलिक थे। जिसका फायदा उन्हें मिला और वे दूसरी बार धनबाद के विधायक चुने गए। साल 2019 में राज सिन्हा को 52.31 प्रतिशत वोट मिला जो साल 2014 के मुकाबले 6 प्रतिशत कम था। वहीं कांग्रेस के मन्नान मलिक को 39 प्रतिशत वोट मिले। कांग्रेस का मत करीब 9 प्रतिशत बढ़ा।

इस बार साल 2024 विधानसभा चुनाव में परिस्थितियां अलग हैं। धनबाद में जहां मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होता रहा है। वहीं इसबार खतियानी नेता जयराम महतो की पार्टी त्रिकोणीय मुकाबला बना सकती है। भाजपा में राज सिन्हा के खिलाफ विरोधी नारे लग रहे हैं। वहीं पूर्व सांसद पीएन सिंह से भी रिश्ते में खटास की खबर कर है, जबकि निर्वतमान धनबाद सांसद ढुल्लू महतो से 36 का आंकड़ा है। सोने पर सुहागा यह कि भाजपा खेमे से आधा दर्जन लोग दावेदारी पर जोर अजमाइश कर रहे हैं। प्रभावशाली व्यक्तित्व धन बल से भी प्रभाव बना रहे हैं। इनसब के बीच राज सिंहा के लिए टिकट का रास्ता कठिन होता दिखाई दे रहा है।

### भविष्य तलाश रहे चुनिंदा चेहरे

धनबाद विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव की मंशा पाले और विधायक बनने का सपना लिए कुछ चेहरे अपना वजूद तलाश रहे हैं। इन चेहरों में जो सबसे चर्चा में चेहरा है वह है असर्फी हॉस्पिटल के मालिक हरेंद्र सिंह का। हरेंद्र सिंह इनदिनों समाजसेवा का आवरण ओढ़ कर चुनावी दंगल लड़ने का मंसूबा बनाया है। राजपूत जाति से आते हैं लेकिन समाज में पखड़ ढ़ाक के तीन पात के बराबर है। गरीब और मध्य वर्ग के लोग हरेंद्र सिंह को अस्पताल मालिक के तौर पर जानते पहचानते तो हैं पर समाजसेवी नहीं मानते। हरेंद्र सिंह ने धन बल का जबरदस्त उपयोग कर विधायक बनने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया को हथियार बना कर छवि सुधारने का कोशिश जारी है। देखा जाए तो हरेंद्र सिंह की पहचान बड़े घरानों के बीच ही सीमित है। आम लोग इन्हें नहीं के बराबर जानते हैं। बड़े अस्पताल के संचालक होने के कारण उनका नेटवर्क सिर्फ बड़े लोगों के बीच ही सीमित है। भाजपा के एक राष्ट्रीय नेता से नजदीकी संपर्क है, लेकिन जीत दिलाने के नाकाफी है। राजनीति की दुनिया के नया खिलाड़ी हैं, संगठन का अनुभव नहीं है। बड़े लोगों से संपर्क और कुछ गिने चुने लोगों से चुनाव में जीत नहीं दिला सकता है। चुनाव में जीत उसे ही हासिल होता है, जिसे अमीर से लेकर मीडिल क्लास और गरीब परिवार के सभी लोग जानते हैं। इनके अलावा प्रशांत सिंह, अमरेश सिंह, रणजीत सिंह, विनय सिंह आदि नाम भी भाजपा से टिकट के दावेदारों के लिस्ट में शामिल हैं। ये सभी चेहरे भाजपा संगठन से जुड़े चेहरे हैं। इन सभी चेहरों के नजर में संगठन सर्वोपरि है। भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा रखते हैं और उम्मीद है कि भाजपा आलाकमान इनपर भरोसा जताएगी। इन नामों में अमरेश सिंह भाजपा की राजनीति में पिछले दस वर्षों से सक्रिय हैं। लोकसभा चुनाव 2019 और 2024 दोनों में भाजपा के प्रत्याशी के साथ काफी सक्रिय रहे हैं। भाजपा के एक राष्ट्रीय नेता के करीबी हैं। वहीं वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो के भी नजदीकी हैं। खुद को बड़े नेता के रूप में जनता के बीच अभी तक मजबूत पकड़ नहीं बना सके हैं। हाल के दिनों में कार्यक्रमों में सक्रियता बढ़ी है। सोशल मीडिया पर सालों से काफी एक्टिव रहते हैं। वहीं प्रशांत सिंह धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह के पुत्र हैं। झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं। बार काउंसिल के सदस्य के रूप में तो सक्रिय रहे हैं, लेकिन कोयलांचल में भाजपा की राजनीति में सक्रियता नहीं के बराबर है। वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो से भी बेहतर संबंध नहीं हैं। हालांकि, साल 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान से प्रशांत सिंह का नाम धनबाद विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा में रहा है। इधर, रणजीत सिंह की बात करें तो वे भाजपा के उभरते नेता हैं। ज्यादातर इलाकों में उन्होंने काफी बेहतर काम किया है. जिला से लेकर प्रदेश के नेताओं से बेहतर संबंध हैं। लोगों की मानें तो पार्टी के कई नेताओं के अनुसार टिकट के लिए और परिपक्व होने की जरूरत है। आम जनता के बीच बड़ी पहचान बनाने की जरूरत है। तभी टिकट मिलने के साथ-साथ विधायक बनने की उम्मीद रहती है।

प्रदेश भाजपा की राजनीति में तेजी से उभरे विनय सिंह का नाम भी चर्चा में है। झारखंड बीजेपी के प्रवक्ता हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन से भी जुड़े हैं और अच्छे वक्ता हैं। भाजपा के बड़े नेताओं से बेहतर संबंध हैं। हालांकि धनबाद विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता नहीं के बराबर है। टिकट हासिल करने और चुनाव जीतने के लिए काफी संघर्ष करने की जरूरत है। चुनाव जीतने के लिए आम लोगों के बीच पहचान बनानी पड़ती है और जनता का भरोसा जीतना पड़ता है।

### मयूर की चर्चा- कौआ चला हंस की चाल

धनबाद सीट से विधायक का सपना बुन रहे धनबाद के एक युवा की चर्चा कहावत के जरिए की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पेड न्यूज और यूट्यूबर के भरोसे धनबाद की जनता को विकास और नैतिकता का रोडमैप बखान करते युवा नेता मयूर शेखर झा के बारे में कहा जा रहा है कि कौआ चले हंस की चाल अपना चाल भी बिसारा..दरअसल, यह इसलिए कहा जा रहा है कि मयूर शेखर झा पिछले कुछ महीनों तक कांग्रेस के प्रदेश कॉर्डिनेटर के तौर पर जाने जाते थे। लेकिन, इनदिनों कांग्रेस का बैनर पोस्टर हटा कर अपने आप को धनबाद का हितैषी साबित करने पर तुले हुए हैं और सोशल मीडिया को सहारा बनाया है। पेशे से पत्रकार रह चुके मयूर शेखर झा साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दरम्यान कांग्रेस की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे। दाल नहीं गली तो बिना बैनर अब नैतिकता का पाठ सोशल मीडिया के जरिए पढ़ा कर विधायक बनना चाहते हैं। समाज में पकड़ नहीं है और ना ही कोई वजूद खड़ा किया है लेकिन अपने आप को धनबाद का विकास पुरूष के तौर पर स्थापित करना चाहते हैं।

### चंद्रशेखर अग्रवाल की है मजबूत दावेदारी

भाजपा के वरिष्ठ नेता धनबाद के मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पहचान के मोहताज नहीं है। उनकी राजनीतिक छवि और मेयरों के तौर पर किए गए धनबाद के विकास कार्यों की सराहना सभी करते हैं। सूत्र बताते हैं कि चंद्रशेखर अग्रवाल ने फैसला लिया है कि भाजपा धन बल पर यदि धनबाद विधानसभा सीट पर किसी को टिकट देती है तो उनके समर्थक उसका विरोध करेंगे। उन्होंने धनबाद सीट से भाजपा में बाहुबली और धन बल के रसूखदारों से भाजपा को सचेत भी किया है। श्री अग्रवाल का मानना है कि भाजपा नीति और नीयत साफ रखते हुए संगठन के किसी व्यक्ति को टिकट देती है तो ठीक नहीं तो विरोध करेंगे। वैसे देखा जाये तो चंद्रशेखर अग्रवाल काफी लोकप्रिय हैं और भाजपा के प्रति समर्पित भी। लोकसभा में भी वह दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। बावजूद इसके उन्होंने पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी, उसे उन्होंने बखूबी निभाया।

### राजनीतिक गणित

धनबाद विधानसभा सीट की राजनीतिक गणित की बात करें तो धनबाद में करीब 4.4 लाख वोटर हैं। यहां नौकरी और व्यवसाय के लिए बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से आकर बसे 60-65 फीसदी शहरी वोटर ही हमेशा प्रभावी होते हैं जो जीत-हार का फैसला करते हैं।

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

श्री कृष्ण जन्माष्टमी

रांची 26 अगस्त, 2024, सोमवार, वर्ष 09, अंक 306, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


## हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रेस कांफ्रेंस में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा सवाल

# शिबू सोरेन जी का बेटा वादा पूरा नहीं करेगा, तो कौन करेगा ?

- जब बाबूलाल मरांडी भाषण दे रहे थे, आप आंसू गैस का गोला दाग रहे थे
- ऐसे डीजीपी के रहते फेयर चुनाव संभव नहीं, मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जायेंगे
- न्यायिक जांच की मांग करेंगे, 12 हजार अज्ञात लोगों पर केस शुद्ध रूप से ब्लैकमेलिंग है
- आज झारखंड की जनता पूछ रही है, हमें तो नहीं मिला, आपको मिला क्या?

**राकेश सिंह, विशेष संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता, असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से हेमंत सरकार और राज्य के डीजीपी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने भाजपा के प्रमुख नेताओं संग 12 हजार भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआइआर करने पर डीजीपी को आड़े हाथों लिया। यहां तक कह डाला कि डीजीपी साहब, हेमंत सरकार को इतना तेल मत लगाइये, आपने लिमिट क्रॉस कर दी है। आपने गलत जगह हाथ डाल दिया है। मैं कोर्ट और इलेक्शन कमीशन के पास जाऊंगा और बोलूंगा कि ऐसे डीजीपी के रहते चुनाव नहीं हो सकता है। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने हेमंत सोरेन द्वारा किये गये वादों, झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये, झारखंड में अलकायदा के बढ़ते नेटवर्क, सरकार की वादाखिलाफी, पुलिसिया व्यवस्था, बालू की कालाबाजारी का भी मुद्दा उठाया। उनके साथ मंच पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद और प्रदेश भाजपा के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

हिमंता बिस्वा सरमा ने सबसे पहले हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला। उन्होंने एक टैग लाइन के माध्यम से अपने वक्तव्य की शुरुआत की। कहा कि हमें तो नहीं मिला, आपको मिला क्या? उन्होंने कहा कि पूरा झारखंड आज यही बात हेमंत सोरेन से पूछ रहा है कि हमें तो नहीं मिला, आपको मिला क्या? अगर झारखंड के पांच लाख युवाओं को नौकरी नहीं दी, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। यह बात हमने तो नहीं बोली थी। न ही हमने हेमंत सोरेन को कहा था कि आप ऐसे वादे कीजिए। लेकिन आपने यह प्रण वीर शहीद



निर्मल महतो के समाधि स्थल के पास लिया। आज मैं हेमंत सोरेन से पूछना चाहूंगा कि आप राजनीति से संन्यास एक महीने के भीतर लेंगे, या फिर एक-दो दिन के भीतर। मेरी जो जानकारी है, नवंबर में चुनाव होना है। अक्टूबर में झारखंड का शासन लगभग इलेक्शन कमीशन के पास चला जायेगा। आपके हाथ में सितंबर महीना है। आप सितंबर महीने में भी पूरा प्रयास कीजिए, लेकिन कम से कम आप अपने संन्यास लेने की तारीख बता दीजिए कि हम 20 सितंबर या 2 अक्टूबर को, गांधी जयंती का दिन होगा अच्छा होगा, आप इस दिन विधिवत रूप से राजनीति से संन्यास ले लीजिए। हेमंत जी, मेरे पिता तो इतने बड़े नहीं थे, लेकिन आपके पिताजी झारखंड और देश के बहुत बड़े व्यक्तित्व हैं। अगर शिबू सोरेन जी का बेटा अपना वादा नहीं निभा सकता है, तो कौन ये वादा निभायेगा। आज झारखंड हेमंत सोरेन से पूछता है कि पांच हजार प्रति महीना बेरोजगारी भत्ता के हिसाब से 15 हजार करोड़ हमारे युवाओं का पैसा कहां गया? यह अब तक मिल जाना चाहिए था, लेकिन नहीं मिला। पेंशन के नाम पर माताओं को 3750 करोड़ रुपया मिल जाना चाहिए था, जो आपने नहीं दिया। झारखंड की 50 लाख महिलाओं को 50 हजार गारंटी फ्री लोन के अनुसार ढाई लाख करोड़ मिल जाना चाहिए था, जो नहीं मिला।

(शेष पेज 05 पर)

### डीजीपी से किया सवाल

हिमंता ने डीजीपी को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की इतनी तरफदारी भी ठीक नहीं। कार्यकर्ता के रूप में काम नहीं करिये। यह केस सुप्रीम कोर्ट में एक दिन भी नहीं टिकेगा। इस एफआइआर को लेकर कानून के दायरे में हम लोग डीजीपी को कानून सिखा देंगे। डीजीपी साहब, आपने गलत जगह हाथ डाल दिया है। जेएमएम वाले बोलते हैं कि रैली में 5000 आदमी ही अंदर थे, तो फिर यह 12000 का आंकड़ा आपके पास डीजीपी साहब कहां से आया। भारत में संविधान का राज है। तीन दिनों में 12000 का आप नाम दीजिए, अन्यथा हम लोग इसे कोर्ट में लेकर जायेंगे। अज्ञात लोगों के नाम पर ब्लैकमेलिंग का रास्ता आप मत खोलिए। आप पता कर लीजिए, एफआइआर में रणधीर सिंह और कोचे मुंडा का आपने नाम दिया है, तो वे रांची में थे या नहीं थे। हिमंता बिस्वा सरमा ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि ऐसे डीजीपी के भरोसे झारखंड में चुनाव संपन्न नहीं हो सकता है। हिमंता सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन से जवाब मांगने सितंबर में फिर हम लोग आ रहे हैं। हम लोग शहीद निर्मल महतो जी की समाधि पर भी जायेंगे, वहीं से आपको वादों की याद दिलायेंगे। आपको वादों को निभाना होगा। आप भले अपने वादे भूल जाइयेगा परंतु हम लोग आपको सोते-जागते इस वादे को भूलने नहीं देंगे। हम तो पूछेंगे ही, झारखंड का हर एक नागरिक पूछेगा कि मुझे तो नहीं मिला, आपको मिला क्या ?

## मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश प्रभारी की हुई मुलाकात

# हेमंत और मीर के बीच हुई राजनीतिक हालात पर चर्चा

- विधायकों के साथ भी कांग्रेस प्रदेश प्रभारी की हुई बैठक
- कहा- पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की रविवार को मुलाकात हुई। दोनों नेताओं की मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात हुई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश नये अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव ने, झामुमो विधायत कल्पना सोरेन समेत अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। उधर, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने पार्टी विधायकों के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की है।



### विकास, योजनाओं, विस चुनाव पर हुई चर्चा

प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमंत सोरेन और गुलाम अहमद मीर के बीच जनहित से जुड़े मुद्दों, राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन तथा झारखंड की मौजूदा राजनीति पर चर्चा हुई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी थोड़ी-बहुत चर्चा हुई। सत्ताधारी दलों का फोकस विकास योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने पर है। इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता और इरफान अंसारी, कांग्रेस नेता प्रणव झा, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे।

**विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा:** रांची के सर्किट हाउस में रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव पर मंथन किया गया। विधायकों से चुनाव की तैयारियों पर फीडबैक भी लिये गये। साथ ही संयुक्त घोषणा पत्र के लिए विधायकों से सुझाव मांगे गये। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की होनी चाहिए। इसके अलावा बैठक में राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर भी चर्चा की गयी। इसके लिए विधायकों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद विधायक बादल पत्रलेख ने कहा कि विधायकों से संयुक्त घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे गये हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रामेश्वर उरांव, राजेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, बादल पत्रलेख, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, उमाशंकर अकेला, भूषण बाड़ा, सोना राम सिंकू, प्रदीप यादव, अनूप सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और रामचंद्र सिंह मौजूद थे। निजी कारणों से दीपिका पांडेय सिंह, अंबा प्रसाद और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल नहीं हो सकीं।

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में पांच बड़े मुद्दों पर की चर्चा

# परिवारवादी राजनीति नयी प्रतिभाओं का दमन करती है: मोदी

- बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड के युवा नेताओं से लोकतंत्र मजबूत होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह मन की बात के 113वें एपिसोड में कहा कि परिवारवादी राजनीति नयी प्रतिभाओं का दमन करती है। बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले युवाओं के राजनीति में आने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मैंने इस साल लालकिले से बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले एक लाख लोगों को पॉलिटिकल सिस्टम से जुड़ने की बात कही थी। इससे पता चला कि हमारे युवा राजनीति में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। परिवारवादी राजनीति के अलावा मोदी ने तिरंगा अभियान, बच्चों में न्यूट्रिशन को लेकर जागरूकता जैसे पांच बड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आइआइटी मद्रास के पूर्व छात्रों से स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप को लेकर भी बात की।



मध्यप्रदेश के झाबुआ में सफाइकर्मियों ने कचरे से हेलिकॉप्टर शेप का आर्टपीस बनाया। मोदी ने मन की बात में कहा कि सफाईकर्मियों ने वेस्ट टू वेल्ट का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति पॉइंट पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करनेवाला दुनिया का पहला देश बना। मोदी ने गैलेक्सी-आइ स्टार्टअप खड़ा करने वाले आइआइटी मद्रास के छात्रों से भी चर्चा की।

### तिरंगा अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा' अभियान सफल रहा। देश के कोने-कोने से इस अभियान से जुड़ी अद्भुत तस्वीरें सामने आयीं। घरों, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में हमने तिरंगा देखा। इस अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा। यही 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत' है।

### संस्कृत के प्रति लोगों का विशेष लगाव दिख रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने 19 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया। उसी दिन पूरी दुनिया में 'विश्व संस्कृत दिवस' भी मनाया। आज देश-विदेश में संस्कृत के प्रति लोगों का विशेष लगाव दिखता है। दुनिया के कई देशों में संस्कृत भाषा को लेकर तरह-तरह की रिसर्च और प्रयोग हो रहे हैं।

**बच्चों के न्यूट्रिशन के लिए जागरूकता:** प्रधानमंत्री ने कहा कि हर साल 1 सितंबर से 30 सितंबर के बीच बच्चों के न्यूट्रिशन के लिए पोषण माह मनाया जाता है। जागरूकता बढ़ाने के लिए एनीमिया कैंप लगते हैं। आंगनवाड़ी के तहत मदर एंड चाइल्ड कमेटी की स्थापना की गयी है। पिछले साल इस अभियान को नयी शिक्षा नीति से भी जोड़ा गया।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सोमवार 26 अगस्त को जगद्गुरु 16 कलाओं से युक्त पूर्णावतार भगवान श्री कृष्ण का 5249 वां जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जायेगा। उत्सव को लेकर वृहद तैयारी की जा रही है। ज्ञातव्य है कि पिछले 52 वर्षों से श्री श्याम मित्र मंडल श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में इस बार अष्टम आयोजन है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार समारोह आयोजित किया जायेगा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खोल दिया जायेगा। 5:30 बजे पंच दीप की आरती और बाल भोग लगाया जायेगा। कोलकाता से आने वाले विभिन्न रंगों के फूलों से भव्य श्रृंगार करके 8:30 बजे आरती व भोग का कार्यक्रम होगा। दोपहर 12:00 बजे भोग अर्पित करके शंख आरती के बाद सभी गर्भ गृहों के पट बंद कर दिये जायेंगे जो सायं 4:30 बजे खुलेंगे। रात्रि 7:00 बजे ग्वाल भोग एवं ग्वाल आरती तथा रात्रि 8:00 बजे भोग लगाकर भोग दर्शन भक्तजन कर सकेंगे। जन्माष्टमी का प्रसाद बनाने का काम रविवार से प्रारंभ हो गया है। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में केसरिया पेड़ा धनिया, पंजीरी, अजवाइन, बर्फी, नारियल लड्डू, माखन, मिश्री बादाम, बर्फी आदि का प्रसाद बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पांच तरह के फलों सेव अमरूद केला नाशपाती अनार के साथ-साथ टाफी का भी भोग लगाया जायेगा।

वैदिक मंत्रों तथा वैदिक रीति के बीच जन्मोत्सव-नंदोत्सव आयोजित होगा। मंदिर में बनने वाले जन्मोत्सव केक को मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी लोकार्पण करेंगे।

महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि इस अवसर पर साज साजिंदों के साथ 3 घंटे का भजन संकीर्तन कार्यक्रम होगा। धनबाद की भजन गायिका सुश्री सिमरन कौर अपने सुमधुर भजनों से भक्तों को झुमायेंगी नंदोत्सव के बाद जन्माष्टमी प्रसाद वितरण का कार्य प्रारंभ होगा। सभी तरह की सजावट तथा विद्युत साज का काम मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल को दिया गया है।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी में मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया एवं प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, विवेक नारसरिया, साकेत ढांढनिया, अनुज मोदी, सलज अग्रवाल, सोनू, संजय सर्राफ, अमित सरावगी, अभिषेक सरावगी, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, निखिल नारनोली, रोशन खेमका, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, अंकित सिंह सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं।

# कृष्णा तेरी मुरली ते भला कौन नी नचदा...



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य के पूर्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री लड्डू गोपाल जी की अलौकिक झांकी थी। जो कृष्ण नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त हुईं। तत्पश्चात भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। दुर्गा जागरण मंदिर के केसर पपनेजा, पवन मनुजा, मनोज किंगर, ज्योति अरोड़ा और चंदन सरदाना के द्वारा भजनों की गंगा बहायी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा के द्वारा दी गयी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### प्लांट लवर्स ऑफ रांची ने किया पौधरोपण




रांची (आजाद सिपाही)। प्लांट लवर्स ऑफ रांची ग्रुप के सदस्यों द्वारा बरियातू स्तिथ आरोग्य भवन परिसर में कई पेड़ लगाये गये। सदस्यों ने आम, जामुन, नीम, चंपा, सागवान, महोगनी आदि के पेड़ लगाये। ग्रुप के द्वारा वहां एक कल्पतरू भी लगाया गया। इस ग्रुप के द्वार शहरी क्षेत्र में लोगों को छोटे रूप से ही सही बागवानी के लिए प्रेरित किया जाता है। इस मौके पर ग्रुप की संचालिका अनामिका सिंह के साथ जूली, परिषा, मुकुल सुनीता, नीता, साक्षी, अभिलाष, हर्ष, अमित, खेम थापा, अमित तिवारी, अखिलेश अंबास्थ, सानू मौजूद थे।

### जेसीएम ने जेनेरिक इलेक्टिव 2 के एग्जाम के सिलेबस को स्पष्ट करने की मांग पर आरयू कंट्रोलर से मिला



रांची (आजाद सिपाही)। जेसीएम रांची विश्वविद्यालय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को एक जेनेरिक इलेक्टिव स्पेशल एग्जाम से संबंधित बैठक मोराबादी रामदयाल मुंडा पार्क में किया। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा जेनरिक एग्जाम के नोटिफिकेशन निकालने पर विश्वविद्यालय का आभार जताया। इस एग्जाम से संबंधित कई चीजों को लेकर छात्रों में संशय की स्थिति है जिसे विश्वविद्यालय को स्पष्ट करने की जरूरत है। कई बातों को लेकर छात्रों में संशय थी इन्ही सब मुद्दे को जेसीएम ने रांची विश्वविद्यालय के कंट्रोलर से डॉ. विकास कुमार से मिलकर उन्हें अवगत कराया है। डॉ विकास ने सभी मुद्दे एवं संशय को 4 दिन में स्पष्ट करने का आश्वासन दिया। जेसीएम ने कहा कि जेनेरिक के छात्रों के साथ जेसीएम अंत तक रहेगी। मौके पर जेसीएम के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष अतिकूर रहमान, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, सचिव अल्ताफ राजा, अभ्यर्थियों में पुष्पराज सिंह सहित कई अन्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री से मिला झारखंड प्रशिक्षित लायब्रेरियन संघ, शीघ्र नियुक्ति की मांग



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लायब्रेरियन की नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को झारखंड प्रशिक्षित लायब्रेरियन संघ के पदाधिकारियों में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित सीएम आवास में मुलाकात किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को राज्य के विभिन्न जिला से आये प्रशिक्षण प्राप्त लायब्रेरियन ने ज्ञापन भी दिया। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि स्कूल,कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में झारखंड बने चौबीस साल हो गये लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं कि गयी है। जबकि सर्वजनिक पुस्तकालय के लिए पुस्तकालय अधिनियम राज्य के सटे राज्यों में पारित हो चुका है। राज्य के कई विश्वविद्यालयों में लायब्रेरी साइंस की पढ़ाई हो रही है। प्रत्येक वर्ष हजारों छात्र इसमें शिक्षा ले रहे हैं। लेकिन ये युवा दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री को बताया गया कि पुस्तकालय के बिना किसी भी शिक्षण संस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। मौके पर गोपाल कुमार, अंजनी कुमार, याकूब अंसारी, सन्नी देवल महतो, पिंकू साव, सावित्री देवी, विश्वजीत कुमार, मनोज कुमार, सरीता देवी, नमिता देवी, सौरभ श्रीवास्तव, आरसी मलिक, गोबिंद गुप्ता सहित कई थे।

# राज अस्पताल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पहली बार राज अस्पताल रांची में सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल कार्डियक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 40 से ज्यादा उम्मीदवारों ने भाग लिया।

जिसमें प्रशिक्षुओं को बेसिक लाइफ सपोर्ट तथा एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक डॉ शाइक मंजूर इलाही, प्रशिक्षक मणिकवसागम तथा राज अस्पातल के आपातकालीन विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ श्याम प्रसाद शामिल थे। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षुओं को संपूर्ण प्रशिक्षण के बाद उनकी परीक्षा भी ली गयी जिसमे उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों को सर्टिफिकेट दे कर सम्मनित किया गया। इस मौके पर राज अस्पताल के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी साहिल, डॉ श्याम प्रसाद, राज अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. बीरेंद्र कुमार मौजूद थे।

## राजेंद्र प्रसाद पहुंचे गोड्डा, तेली समाज और ओबीसी के लोगों ने किया स्वागत

# तेली समाज में सरकार बनवाने की ताकत है : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोड्डा।** तेली समाज अपने वोट के बल पर सरकार बनवाने की ताकत रखता है। इतनी शक्ति होने के बाद भी तेली समाज संगठित नहीं है, समाज की एकता से ही हित संभव है। उक्त बातें तेली समाज गोड्डा जिला के प्रबुद्ध लोगों को होटल तुसिया इन में संबोधित करते हुए मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पर्व सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने कहीं। कहा कि तेली समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि दूसरे समाज से तेली समाज और ओबीसी समुदाय को सीखने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो समाज संगठित है, उन समाज को राजनीतिक दल अनदेखी नहीं कर पाते हैं। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में तेली समाज की बड़ी भूमिका रही है। प्रसाद ने कहा कि तेली समाज और ओबीसी को राजनीतिक भागीदारी लेना है तो संगठित होना होगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रहते हुए उनके अथक प्रयास से ओबीसी को तमिलनाडु के तर्ज पर 36 से 50% आरक्षण देने की अनुशंसा की है। उसे झारखंड सरकार लागू करे यह मांग ओबीसी और तेली समाज की ओर से उठाना होगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय नीति व नियोजन नीति के लिए मूलवासी सदान मोर्चा ने एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया है। 1932 के आधार पर स्थान नीति बनाने के नाम पर वर्तमान सरकार ने वोट मांगे थे, लेकिन सरकार बनने के बाद अपने वायदे को भुला दिया। इस मौके पर अरुण शाह, अवधेश शाह, डॉ अरुण कुमार, नीलम देवी, डॉ जयप्रकाश शाह, तेज नारायण शाह, वुल्लांद शाह, रघुनाथ मंडल, गंगाधर मंडल, रामविलास भगत, मुकेश मंडल, जगदीश पुर्वे, समीर आनंद सुमित कुमार, प्रेम शंकर, राजेश शाह, संजय शाह, सुमित यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### चौकीदार की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के कई जिलों में चौकीदार की सीधी भर्ती चल रही है। रांची जिले में भी 311 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन लिये जा रहे हैं। रविवार 25 अगस्त आवेदन की अंतिम तिथि है। ऐसे में रांची समाहरणालय में आवेदन भरने के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ लगी है। इस भर्ती के लिए 18 से 35 वर्ष के ग्रेजुएट से लेकर पीजी तक के अभ्यर्थी आवेदन कर रहे हैं। हजारों की संख्या में आवेदन जमा हो चुके हैं। फॉर्म ऑफलाइन माध्यम से जमा किये गये हैं। अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक और लिखित परीक्षा के अनुसार किया जायेगा।

# मानव अधिकार मिशन ने निकाला विरोध मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या तथा देश में बढ़ते यौन अपराध की घटना को लेकर रविवार को गया मानव अधिकार मिशन झारखंड और गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन की ओर से प्रदर्शन किया गया। विरोध मार्च रेडियम रोड से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। इसमें गृहणी, छात्राएं और बुद्धिजीवी वर्ग तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लिया और एक सुर में आवाज बुलंद कर महिलाओं की सुरक्षा की मांग की गयी। विरोध मार्च में मानव अधिकार मिशन के प्रदेश अध्यक्ष पीके लाला, महासचिव दीपक कुमार, गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन की अध्यक्ष सोहिनी रॉय, सचिव परवाज खान, दित्य घोष, पुष्पा कुशवाहा, अजीत कुमार, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष तनुश्री सरकार शिला देवी, डॉ रोज उरांव, डॉ अनुराधा वत्स, नीलम, अजय कुमार संजय प्रसाद तथा अन्य प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।

# चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी कॅरियर गाइडेंस पर सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** चाणक्य आइएएस एकेडमी, लालपुर स्थित रांची में यूपीएससी के कॅरियर गाइडेंस पर निःशुल्क सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कॅरियर गाइडेंस में वक्ता 2022 बैच के यूपीएससी में सफल अभ्यर्थी क्षीतिज वर्मा के द्वारा किया गया। इस सेमिनार में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्र/छात्राओं ने क्षीतिज वर्मा के द्वारा दिये गये सुझाव को सुना। वर्मा ने सीएसइ की परीक्षा में होने वाले प्रीलिम्स, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार को कैसे सफल कर सकते हैं। उन्होंने इस बारे में बहुत ही विस्तार से बताया। यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कम से कम एक से डेढ़ वर्ष पूर्व योजनाबद्ध तरीके से प्रारंभ कर देना चाहिए। हम सिर्फ ज्ञान के भरोसे रहेंगे तो प्रीलिम्स नहीं हो सकता है। ज्ञान के साथ-साथ और भी चीजों का होना बहुत जरूरी है। पीटी पास करने के लिए सेक्शनल सिरीज एवं फूल लेंथ टेस्ट सिरीज की प्रैक्टिस बहुत जरूरी है। बिना टेस्ट सिरीज बनाये आप पीटी नहीं पास कर सकते हैं। जिस वर्ष पीटी परीक्षा देते हैं उसी वर्ष दिसंबर-जनवरी तक 75 प्रतिशत तक कंप्लीट कवर हो जाना चाहिए। ताकि फरवरी से रिवीजन शुरू कर देना चाहिए और नयी चीजों को पढ़ने से बचें। सीएसइ के लिए पहली टिप्स है क्या पढ़ना है? क्या छोड़ना है? पीटी जब किसी का होता है तो निरंतर होने लगता है नहीं होता है तो निरंतर नहीं होता है। वर्मा ने मुख्य परीक्षा के लिए कहा कि रिवीजन बहुत ही अति आवश्यक है। रिवीजन के बिना आप अपने मंजिल को नहीं पा सकते हैं। रिवीजन सफलता की कुंजी है। रिवीजन से ही मुख्य परीक्षा का विकास होता है। तैयारी के लिए तीन चीजों पर ध्यान देना आवश्यक है- इंटरेस्ट, रिसोर्स एवं गुणवत्तापूर्ण गाइडेंस। मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषय की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इंटरेस्ट का वैकल्पिक विषय आप सभी को साक्षात्कार तक पहुंचा सकता है। अंत में उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा कि तैयारी के लिए अनुशासन एवं एकाग्रता और उचित मार्गदर्शन अति आवश्यक है।

### राज्य कर्मचारी अब 5 सितंबर तक जमा कर सकेंगे संपत्ति का विवरण

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य कर्मियों को अपना संपत्ति विवरण जमा करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। सभी सरकारी सेवकों समूह घ को छोड़कर वर्ष 2023 का संपत्ति विवरणी एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करने के लिए के लिए समयावधि बढ़ा दी है। इस संबंध में रविवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। कार्मिक विभाग ने बताया क पूर्व में 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक समय दिया गया था। आवेदनों की समीक्षा में यह पाया गया कि अभी भी बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मियों ने अपनी संपत्ति का विवरण नहीं भरा है। सरकार ने पूरे मामले पर विचार करने के बाद राज्य कर्मियों को एक बार अवधि विस्तार देते हुए 5 सितंबर 2024 तक अंतिम मौका दिया है। इस अवधि तक विवरणी जमा नहीं करने के बाद फिर से ऑनलाइन सुविधा बंद कर दी जाएगी।

# स्पीडी ट्रायल कर दुष्कर्मियों को फांसी दी जाये : मुनचुन राय

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बंगाल में डॉक्टर की बर्बर तरीके से रेप एवं हत्या सहित पूरे देश में बढ़ रही बलात्कार की घटनाओं को लेकर रविवार को जन सेवा मंच के बैनर तले रांची वासियों ने न्याय मार्च निकाला। यह मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक किया गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। सभी लोग अपने हाथों में तख्तियां लेकर बलात्कारियों को फांसी देने की मांग और महिला सुरक्षा हेतु कड़े कानून बनाने की मांग कर रहे थे। महिलाओं के साथ काली मां के रूप में एक महिला कलाकार साथ ही कई महिलाएं हाथों में तलवार लेकर यह संदेश दे रही थीं कि अगर इसी तरह जुल्म होता रहा तो महिला काली का रूप बनकर शैतानों को समाप्त करेंगी।

अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचकर यह मार्च सभा में तब्दील हो गया जहां जनसेवा मंच के संस्थापक मुनचुन राय ने कहा कि महिलाओं के लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं बची है। जब अस्पताल में डॉक्टर की इतने निर्मम तरीके से दुष्कर्म और हत्या हो रही है तो महिला सशक्तिकरण की बात बेमानी लगती है। दुष्कर्मियों को कड़े कानून बना कर जल्द से जल्द दंडित करने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए।

# बायोम इंस्टीट्यूट ने निकाला कैंडिल मार्च

**कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना पर जताया विरोध, दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट की ओर से रविवार को कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। संस्था के निदेशक पंकज सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संस्था के परिसर में शोक व्यक्त किया। घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। बायोम के निदेशक पंकज सिंह ने इस अमानवीय कुकृत्य पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान पर आभार व्यक्त करते हुए अपील की कि महिला चिकित्सक की निर्मम हत्या के दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। आरोपी को ऐसी सजा मिले कि कोई भी व्यक्ति ऐसा अमानवीय कृत्य करने का दुस्साहस न करे। कैंडिल मार्च के दौरान संस्था द्वारा बेटियों को समुचित सम्मान और संरक्षण देने की अपील की गयी। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी समेत अन्य मौजूद थे।

# सरला बिरला स्कूल में जन्माष्टमी का भावपूर्ण उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने विशेष सभा आयोजित कर धूमधाम से जन्माष्टमी का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय प्रार्थना से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पारंपरिक नृत्य और एक मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर झांकी और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की घटनाओं का अभिनय करना था। सभा में जन्माष्टमी के महत्व और इसके द्वारा शांति और एकता के मूल्यों को बढ़ावा देने पर एक विचारशील भाषण भी दिया गया। नन्हे-मुन्नों ने भी मैं भी कान्हा और कान्हा की राधे थीम पर विभिन्न रंगों की पोशाकों में सज-धज कर यह संदेश दिया कि भगवान हर दिल में बसते हैं। इस शुभ अवसर पर बच्चों को प्रकृति के संरक्षण के महत्व का एहसास कराने के लिए पौधरोपण अभियान का आयोजन भी किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक धरोहर के महत्व को मजबूत करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.9 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.13 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.28 बजे | |



# राज्य सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरफ फेल: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बड़ी-बड़ी बातें और घोषणा करती है, परंतु उनका ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरफ फेल है। संर्वधन पेंशन योजना का ही हाल आप सब देख लीजिए। हम अभी अपने गृह प्रखंड की बेलवाना पंचायत के सिरसिया गांव में हैं। मेरे पीछे जो महिलाएं हैं, इन्हें वृद्धा और विधवा पेंशन नहीं मिली है। इन्होंने फॉर्म भी भरा, इनके साथ ठगी भी हुई, लेकिन पेंशन नहीं मिली। यह तो एक उदाहरण भर है, पूरे प्रदेश में सभी योजनाओं की कमोबेश यही स्थिति है। हेमंत सरकार आज जो घोषणा कर रही है, उस पर जनता कतई विश्वास करनेवाली नहीं है। नयी घोषणाएं फिर से लोगों को ठगने का एक प्रयास है। साथ ही अखबारों में सुर्खियां पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। साढ़े चार वर्षों में एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई। जनता सारी बात को समझ चुकी है। जनता मन में ठान चुकी है कि हेमंत सोरेन को भगाना है, बीजेपी को लाना है।

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज बनने का पार्टी का प्रयास है। पिछले साढ़े चार वर्षों में, राज्य की जनता ने विकास के नाम पर सिर्फ वादे सुने हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं बदला। भारतीय जनता पार्टी उन्हीं ज्वलंत मुद्दों को उठा रही है, जो हर झारखंडवासी के मन में हैं। इस कांग्रेस नेतृत्व वाली झामुमो सरकार ने वादे करने और फिर झारखंड की जनता के साथ खो-खो खेल कर भागने में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस के ठगबंधन की दगाबाजी की कहानी कोई नयी नहीं है। चुनाव खत्म होते ही अपने वादों से मुकर जाने का इनका पुराना इतिहास रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस अपनी गलतियों और वादाखिलाफी की सजा भुगत रही है। कांग्रेस की फरेबी सरकार ने कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपये देने का झूठा सपना दिखाया, लेकिन मई 2024 के बाद से एक भी महिला को एक पैसा तक नहीं मिला।

## झूठ के आगे झूठ क्या, नटवरलाल भी शरमा जायें: अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पीपीटी की प्रस्तुति की। उन्होंने झामुमो की कलई खोली। उन्होंने कहा कि मिला क्या की पृष्ठभूमि 2019 के चुनाव से पूर्व तैयार हुई। गठबंधन के लोग चुनाव में जाने से पूर्व राज्य की जनता से कई वादे करते हैं। उनके झूठे वादों पर जनता विश्वास कर लेती है और गठबंधन की सरकार बन जाती है, परंतु साढ़े चार वर्षों में जनता को कुछ हासिल नहीं हुआ। जब झूठे वादों की तरफ इनका विधानसभा में ध्यान आकर्षित कराया जाता है तो 18 विधायकों को निलंबित कर दिया जाता है। और 23 अगस्त को यही सवाल राज्य के युवा इस जनविरोधी सरकार से पूछते हैं तो फिर उनके साथ क्या होता है यह पूरे राज्य की जनता ने देखा है।

श्री बाउरी ने कहा कि जेएमएम ने कुल 400 घोषणाएं की थीं। चाहे युवा हो, महिला हो, किसान हो, गरीब हो, हर एक वर्ग को इस सरकार ने ठगा है। युवाओं से वादा किया गया कि हर साल 5 लाख नौकरी, नौकरी नहीं तो 5000 से 7000 तक बेरोजगारी भत्ता और बेरोजगारी भत्ता नहीं तो राजनीति से संन्यास। इसी प्रकार के वादे महिलाओं के साथ किये गये कि 50000 रुपये तक बिना गारंटी ऋण दिया जायेगा, 2000 रुपये प्रति माह चूल्हा भत्ता दिया जायेगा। अभी 1000 रुपये देकर उन्हें लॉलीपॉप दिया जा रहा है। बेटियों की शादी के बाद उन्हें सोने के सिक्के देने का वादा किया गया था। किसानों से सभी प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज देने के लिए वादा किया गया था, सभी गरीब परिवार को सालाना 72000 देने का वादा किया गया था। अब फिर एक बार यह कहा जा रहा है कि फिर सरकार आयी तो 100000 सालाना देंगे। गरीब विधवाओं को 2500 रुपये पेंशन देने का वादा किया गया था। प्रशासनिक दृष्टिकोण से पलामू, चाईबासा, हजारीबाग को उप राजधानी बनाने का वादा किया गया था। अनुबंध कर्मी शब्द ही डिक्शनरी से हटाने का इन्होंने वादा किया था। परीक्षा में धांधली किसी से छुपा नहीं है। पेपर लीक आम बात है, हर परीक्षा में धांधली हुई। आंदोलनकारियों को भी ठगने का काम किया गया। आज सभी वर्ग के लोग हेमंत सोरेन सरकार से जवाब मांग रहे हैं।

# हेमंत सोरेन ने भाजपा के षड्यंत्र का हर बार दिया है करारा जवाब, आगे भी देंगे : झामुमो

हेमंत सरकार की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी और गहरी है कि भाजपा के नेता उसे न तो छू पायेंगे न ही हल्का करने में कभी कामयाब हो पायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा के मिला क्या अभियान को हताशा का परिणाम बताया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पूर्व की भाजपा सरकार की तुलना में हेमंत सरकार ने कई-कई गुना ज्यादा दिया है। भाजपा ने 20 साल तक सुनियोजित तरीके से जानबूझकर कर झारखंड को पिछड़ा रखने का काम किया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनी तो सत्ता लोलुप भाजपा को खून के घूंट पीने पड़ गये। 2019 से लेकर अभी तक भाजपा के हर षड्यंत्र को हर बार करारा जवाब दिया है हेमंत सोरेन ने, और आगे भी विभाजनकारी राजनीति करने वाली भाजपा को और करारा जवाब दिया जायेगा। राज्य में हेमंत सरकार हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। प्रत्येक गांव और टोला को सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काफी तेजी से काम हो रहा है। केंद्र के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार सभी गरीबों को अबुआ आवास राज्य के पैसे से दे रही है। हेमंत सरकार ने भाजपा की तुच्छ और षड्यंत्रकारी राजनीति को बार-बार धूल चटवा कर लोगों को हमेशा अधिकार देने का काम किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी और गहरी है कि भाजपा के नेता उसे न तो छू पायेंगे न ही हल्का करने में कभी कामयाब हो पायेंगे। भाजपा के नापाक मंसूबे झारखंड में कभी पूरे नहीं होंगे। हेमंत सरकार ने गांव-गांव, घर-घर पहुंचकर जन समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया है। हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं और नीतियां बनायी हैं और इसे धरातल पर उतारा है। झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और झारखंडी अस्मिता को बचाये रखते हुए यहां की मिट्टी में रची-बसी परंपराओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है। सदियों से शोषित और वंचित झारखंड के आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों को उनका हक-अधिकार दिलाकर उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि झारखंड के विकास में उनकी भी बराबर की भागीदारी है। लेकिन, इस विकास के रास्ते में कई चुनौतियां भी आयीं। गठबंधन की सरकार गठन के तुरंत बाद कोरोना महामारी के प्रकोप ने जीवन और जीविका को बुरी तरह प्रभावित किया। इस भयंकर आपदा के कुप्रभाव से निकलने में हमें डेढ़ से दो वर्ष का समय लग गया। इतना ही नहीं, निहित स्वार्थ से प्रेरित कुछ विकास विरोधी तत्वों द्वारा झारखंड के विकास के रास्ते में बार-बार परेशानियां खड़ी करने का कुत्सित प्रयास भी किया गया। लेकिन, जनता के अटूट विश्वास और भरोसे की बदौलत हमने हर कठिनाई और बाधा का डटकर मुकाबला किया और विरोधी अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर इरादों में मजबूती हो, दिल में विश्वास हो और नियत में ईमानदारी हो, तो दुनिया की कोई ताकत आपको झुका नहीं सकती। विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड के युवाओं को राज्य में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उनके पलायन को रोकने के लिए हमारी सरकार द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 लागू किया गया है, जिसके तहत 40,000/- रुपये तक मासिक वेतन या मजदूरी पाने वाले पदों के विरुद्ध 75 प्रतिशत पद पर स्थानीय निवासियों की नियुक्ति की जानी है। राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभ लेकर अब तक 02 लाख से ज्यादा नौजवान युवा और युवती निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से भी पलायन को रोकना सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और पिछड़ेपन को दूर करने में मनरेगा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता आक्रोश रैली में पुलिस को उकसाने के लिए पहले से तैयारी करके आये थे, ताकि बलपूर्वक कार्रवाई की जाये और फिर भाजपा के नेता इस तरह के फुटेज का इस्तेमाल अपनी राजनीति चमकाने के लिए कर सकें। राज्य सरकार को हरेक नागरिक की सुरक्षा की चिंता है। किसी को कानून अपने हाथ में नहीं लेने दिया जा सकता। पुलिस ने भाजपा नेताओं के उग्र होने के बाद ही उन्हें नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनहित में कार्रवाई की है।

विनोद पांडेय ने कहा कि पहले इन्हें बताना चाहिए कि भाजपा ने अपने 20 साल के शासनकाल में राज्य को गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा, सांप्रदायिकता के अलावा दिया क्या है। बगैर नाम लिये कहा कि कुछ हवा-हवाई नेता झारखंड की जमीनी स्थिति से अवगत नहीं हैं। चुनाव के बाद वे यहां नहीं दिखेंगे। वे चुनावी पिकनिक पर आ रहे हैं। उन्हें राज्य से कुछ लेना-देना नहीं है। इनके एक नेता ने आदिवासियों की जमीन के सुरक्षा कवच सीएनटी एक्ट में संशोधन करने का प्रयास किया। आदिवासियों से उनके हक-अधिकार छीने गये। आरंभ में ये हिंदू-मुस्लिम की बातें कर सांप्रदायिकता फैलाना चाहते थे। इसकी हवा निकल गयी तो अब ये नया जुमला लेकर आये हैं। इसकी भी हवा निकल जायेगी, जब वे हेमंत सरकार के उपलब्धियों की लंबी सूची देखेंगे। हेमंत सरकार के कामकाज और लोकप्रियता को देखकर पूरी भाजपा हताशा में है।

## पेज 01 का शेष

### शिबू सोरेन जी का बेटा वादा पूरा ...



50 लाख महिलाओं को प्रति माह चूल्हा भत्ता 2 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 60 हजार करोड़ नहीं मिला। नवविवाहित महिलाओं को सोने का सिक्का नहीं मिला, 300 करोड़ कहां गया। एक लाख 80 हजार करोड़ रुपया झारखंड के 50 लाख परिवारों को हर साल 72 हजार रुपये के हिसाब से मिल जाना चाहिए था, नहीं मिला। आज आप मंईयां सम्मान योजना लेकर आये हैं। लेकिन महिलाओं को मिलनेवाले लाभ से तो कहीं अधिक खर्च आप दूसरी जगह कर दे रहे हैं। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि रविवार की सुबह मैं खिजरी विधानसभा के कुछ गावों में गया था। मैंने माताओं से पूछा कि क्या आपको बालू फ्री में मिला। सबने बोला नहीं, एक किलो भी बालू फ्री में नहीं मिला। यहां तक कि गाव की आदिवासी माताएं कह रही थीं कि बालू 5500 से 6000 रुपये में मिल रहा है। वह भी छोटी गाड़ी में। यानि फ्री में तो आप दे नहीं रहे और तो और लोगों से पैसा खींच रहे हो। ये पैसा किसके पॉकेट में जा रहा है। आज आप न तो फ्री में बालू दे रहे हैं न ही नौकरी दे रहे, उल्टा आप उनसे पैसा खींच रहे हैं। मैं बोलना नहीं चाह रहा था, लेकिन कहना पड़ रहा है कि आज झारखंड के लोगों के साथ सरकार डकैती कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बालू माफिया यहां डकैती कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि सीएम से ज्यादा पावर उनके पास है। सीएम फ्री में बालू देना चाहते हैं, माफिया ठेंगा दिखा रहे हैं।

हिमंता ने कहा कि जब मैंने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया, तो उनको अच्छा नहीं लगा। आज रांची से डॉक्टर को अलकायदा के साथ जुड़े होने के कारण गिरफ्तार किया जा रहा है। झारखंड हाइकोर्ट भी बार बार बोल रहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर के बाहर निकालिये। लेकिन आपने ध्यान नहीं दिया। परिणाम क्या हुआ कि आज रांची शहर से ही अलकायदा सरगना एक डॉक्टर गिरफ्तार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज झारखंड में जो हो रहा है, आप पूछ भी नहीं सकते कि भाई हमें नौकरी कब मिलेगी। झारखंड में युवाओं ने आक्रोश रैली की। उनको उत्तर कैसे मिला आंसू गैस से, लाठीचार्ज से। हिमंता ने कहा कि मैं असम से आता हूं। वहां 30 साल से अल्फा से जूझ रहा हूं। आज तक ऐसी बैरिकैडिंग नहीं देखी। मोराबादी में बाबूलाल मरांडी के सभा संबोधन के दौरान सरकार का युवाओं के साथ जो बर्बर रवैया देखने को मिला, वह शर्मनाक है। एक तरफ बाबूलाल मरांडी भाषण दे रहे हैं और आप आंसू गैस का गोला दाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, अमर बाउरी, संजय सेठ सहित 52 कार्यकर्ताओं पर एफआइआर की गयी। इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इन लोगों को जेल भी जाना पड़ेगा तो कोई दिक्कत नहीं है, परंतु 12000 अज्ञात पर केस करना गलत है। इस अज्ञात के माध्यम से इस सरकार ने ब्लैकमेलिंग का एक रास्ता खोल रखा है कि राज्य के किसी भी हिस्से में कोई युवा या अन्य इस सरकार से सवाल करेगा तो इसी केस में उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जालियांवाला बाग में भी ब्रिटिश शासन ने ऐसा एफआइआर नहीं किया होगा, जैसा झारखंड सरकार ने किया है। लोकतंत्र में देश के किसी हिस्से में ऐसा फिर दूसरा कोई उदाहरण नहीं मिल सकता है।

# छल जेएमएम के आचरण में : सुदेश महतो

बहरागोड़ा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर/ रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जेएमएम की राजनीति का उद्देश्य विकास नहीं तुष्टिकरण रहा है। इन्होंने समाज के हर वर्ग को बांट कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकी है पर किसी भी वर्ग के हित के लिए कभी भी कुछ नहीं किया। सोरेन परिवार पिछले 40 साल से सक्रिय राजनीति में है लेकिन इन्होंने सिर्फ अपना और अपने परिवार के विकास को महत्व दिया है राज्य के विकास को नहीं। छल जेएमएम के आचरण में है।

सुदेश कुमार महतो रविवार को चाकुलिया प्रखंड के मैदान में बहरागोड़ा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने भाषण में युवाओं को पांच लाख नौकरी, नौकरी न मिलने पर स्नातक पास को 5 और पोस्ट ग्रेजुएट को 7 हजार रुपये सालाना बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी लेकिन जब शासन की बात आई तो इन्होंने युवाओं पर अपने पांच साल के कार्यकाल में कई बार लाठियां बरसाई है। उन्होंने कहा कि झूठ की बुनियाद पर बनी इस सरकार को सत्ता से हटाने और राज्य में बेहतर नेतृत्व स्थापित करने की दिशा में कार्य करें। महतो ने कहा कि यह पहली सरकार है, जो उधारी में चल रही है। पांच वर्ष पहले इन्होंने हर परिवार को 72 हजार रुपये देने का वादा किया था यह वादा तो पूरा हुआ नहीं अब सरकार चुनाव नजदीक आता देख जनता को एक लाख रुपये देने का वादा कर रही है। सत्ता के लिए यह सरकार भत्ता भी दे सकती है लेकिन सरकार को अब यह समझना होगा कि इन झूठे वादों से जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। इस सरकार में गरीब का सुनने वाला नहीं है। अबुआ आवास जरूरतमंदों की जगह पैसे वालों को दिये जा रहे हैं। पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि हमारी पार्टी गरीबों, शोषितों और वंचितों की पार्टी है। हम सभी को मिलकर राज्य और राज्य वासियों के विकास के लिए कार्य करना है। आज झारखंडी जनता इस सरकार से निराश है।

# चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये

लोजपा ने झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने का विकल्प खुला रखा है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। रविवार को रांची में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद चिराग पासवान ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लोजपा ने झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने का विकल्प खुला रखा है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह जिम्मेदारी राज्य इकाई को दी गयी कि वह एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने या अकेले चुनाव लड़ने पर निर्णय लें। चिराग पासवान ने कहा कि पार्टी झारखंड में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना चाहती है, लेकिन सीटों को लेकर तालमेल नहीं हो सका तो पार्टी अकेले भी चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने पूछे जाने पर स्पष्ट किया कि गठबंधन को लेकर अभी तक राज्य स्तर पर ही बात हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर अभी कोई बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अकेले चुनाव लड़ने पर पार्टी कम से कम 40 सीटों पर अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोजपा गठबंधन के तहत चुनाव लड़े या अकेले, सरकार एनडीए की ही बनेगी। **पीएम मोदी का जताया आभार :** राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लेटरल एंट्री, क्रीमी लेयर, वक्फ बोर्ड आदि विषयों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और उनके द्वारा लिये गये निर्णयों को लेकर आभार और धन्यवाद भी पारित किया गया। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच सामाजिक न्याय की है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की उनकी सोच है। पार्टी केंद्र सरकार के सभी निर्णयों के साथ है। चिराग पासवान ने कहा कि वे भी जातीय जनगणना के पक्षधर हैं। झारखंड के संदर्भ में कहा कि बेरोजगारी, पलायन जैसे मसले बिहार के साथ झारखंड में भी बने हुए हैं। पार्टी अपने घोषणापत्र में इसे प्राथमिकता देगी। पार्टी यहां के चुनाव में भी महिला, युवाओं को प्रोत्साहित करेगी। धर्म, संप्रदाय, जाति से परे रहकर ही राजनीति करेगी। अगर एनडीए फोल्डर में लोजपा रहता है तो एनडीए और मजबूत होगा। झारखंड में घुसपैठ के सवाल पर चिराग ने कहा कि केंद्र सरकार डे वन से इस पर अपना स्टैंड क्लियर रखते आयी है। इस मौके पर पार्टी सांसद वीणा सिंह, शांभवी चौधरी, राजेश वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कोकर पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष रोहित रंजन उर्फ बबलू चुने गये



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कोकर पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को कोकर बाजार में सम्पन्न हुआ। इसमे पासवान समाज के 804 मतदाताओं ने समाज के अध्यक्ष के लिए अपने मत का प्रयोग किया। परिणाम की घोसणा हुई इसमें रोहित रंजन उर्फ बबलू पासवान विजयी हुये और राजू राम उप विजेता। इस पुरे चुनाव को सफल बनाने में बंटी पासवान मुख्य चुनाव पदाधिकारी और धर्मेंद्र राम, गुड्डन पासवान, संतोष पासवान, राजकुमार पासवान, बबलू पासवान, विकी पासवान, गणेश पासवान, मुन्ना पासवान, अरुण राम, सागर पासवान, दीपू पासवान, संजय राम, रविवार शंकर लाल, आशीष पासवान, शिवराज पासवान चुनाव पर्यवेक्षक मनोज कुमार पासवान, राजा पासवान, रोशन पासवान के अलावे युवराज पासवान, चंचल चाटेंर्जी, संतोष महतो, संजय राय, संजय तिर्की, साकेत राज उर्फ दीपू, रंजन पासवान, हितेंद्रा सिंह, नविन सिंह, सूरज पासवान, दीपक दास, विशाल राम, बसिष्ट लाल पासवान, शिव पासवान, छोटू पासवान, जयप्रकाश, शंकर पासवान और कोकर के लोगो की अहम भूमिका रही।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और डॉ इरफान अंसारी का हुआ भव्य स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी का रांची के कांटा टोली स्थित सुल्तान कालोनी में अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने फूलों का माला पहनाकर और बुके देकर किया। मंच संचालन झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव गुलाम जावेद ने किया। केशव महतो कमलेश ने कहा कि एक साधारण व्यक्ति को कांग्रेस ने मौका दिया है। मैं दमखम के साथ कांग्रेस का जनाधार को बढ़ायेंगे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजयुमो का आक्रोश रैली में घटना घटी नहीं बल्कि घटायी गयी थी, भाजपा वाले पहले से ही प्लान बनाकर आये थे, कि दंगा फसाद करेंगे ताकि जनता में यह संदेश जाये कि उसके साथ मारपीट हुई, गोलियां चलायी गयीं। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले मेन रोड में जो कांड हुआ था, आतंकवादियों ने पुलिस पर पथराव करवाया, ऐसा कहीं होता है क्या? बिल्कुल मैं कह रहा हूं कि पुलिस वाले ने गोली क्यों नहीं चलायी कल? हमारे पुलिस वाले घायल हैं अस्पताल में भर्ती हैं, यह लोग दंगा फसाद करने में माहिर है। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए दोषी है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस अभिनंदन समारोह में कांग्रेस के कई पुराने नेता एवं विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए अल्पसंख्यक समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मुख्य रूप से अभिनंदन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता राकेश सिन्हा, सतीश पाल मंजुनि, कांग्रेस रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, शकील, झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, मकसूद आलम, गुलाम गैस पप्पू, नौशाद खान, फिरोज, भोलू खान सहित अन्य मौजूद थे।

### संदिग्ध आतंकी के पास से बरामद डिजिटल एविडेंस की हो रही फॉरेंसिक जांच

रांची (आजाद सिपाही)। आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने के संदेह में झारखंड से आठ लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें से पांच संदिग्धों की विधिवत गिरफ्तारी हो गयी है। एटीएस ने सभी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया है। वहीं गिरफ्तार अलकायदा संदिग्धों के पास से बरामद डिजिटल एविडेंस की फॉरेंसिक जांच की जा रही है। इससे कई चीजें सामने आ सकती हैं। वहीं इधर डॉ इश्तियाक का किससे कनेक्शन है, इसकी जांच भी की जा रही है। जांच में अब तक उजागर हुआ है कि डॉ इश्तियाक अहमद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आतंकियों से जुड़ा हुआ था। वह भारत को अस्थिर करने के लिए नेटवर्क तैयार कर रहा था। आतंकियों का ट्रेनिंग सेंटर खोलना चाहता था डॉक्टर। जानकारी के अनुसार, बरियातू से गिरफ्तार आतंकी गिरोह का मास्टर माइंड डॉ इश्तियाक रांची के चान्हो के जंगल में आतंकियों का प्रशिक्षण केंद्र खोलने वाला था।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1262 Dated 10.06.2024 . I, SUNITA DEVI, Wife of Vijay Singh, aged about- 24 years, Resident of village- Hurlung, Post- Hurlung, P.S.- Chatrochatti, District- Bokaro (Jharkhand) Aadhar No. 3512 4513 3194 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhar Card vide No. 3512 4513 3194 and PAN Card vide No. IBDPD3458P my name has been mentioned as SUNITA DEVI. 3. That, in my Saving Bank Account of Bank of India Branch- Nawadih vide A/c No. 480810110012924 my name has been wrongly mentioned as SUNITA KUMARI. 4. That, both names as SUNITA DEVI and SUNITA KUMARI are of one and same person i.e. myself. 5. That, I am swearing this affidavit to rectify my name as SUNITA DEVI in place of SUNITA KUMARI in my aforesaid Bank Account and to produce it before authority concern for needful purpose.

6. That, the contents made in this affidavit are true and correct, If same is found false then, I shall be liable to be punished in the eye of law.

# महिला सुरक्षा हो पहली प्राथमिकता

बांबे हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माना है कि अगर कोई लड़का नाबालिग लड़की से प्यार का इजहार करने के लिए लगातार उसका पीछा करता है, तो यह पॉक्सो कानून के तहत यौन उत्पीड़न के बराबर होगा। दरअसल अमरावती की एक अदालत ने चार फरवरी 2021 को एक युवक नाबालिग लड़की का पीछा करने पर दोषी ठहराते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनायी थी। इस सजा के खिलाफ आरोपी ने हाइकोर्ट में अपील की थी।

करीब साढ़े तीन दशक पहले फिल्म आयी थी 'डर', जिसका बहुचर्चित गीत है 'तू हां कर या ना कर, तू है मेरी किरण'। इस गीत में मधुरता के अलावा सब कुछ बेहद डरावना है, क्योंकि लड़की की मर्जी को यहां पुरुष के अहम तले कुचला जा रहा है। और लड़की जब नाबालिग हो, तो यह मामला और संगीन हो जाता है। इस वक्त जब देश में यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा को लेकर नये सिरे से बहस खड़ी हो चुकी है, उसमें नागपुर बेंच का यह फैसला काफी मायने रखता है। अमरावती की जिस घटना पर आरोपी को सजा सुनायी गयी, वैसी घटनाएं इस देश में हर रोज हजारों बार घटती हैं। लाखों लड़कियां छेड़खानी को किसी भयावह श्राप की तरह सहती हैं और अक्सर इस पर शिकायत नहीं करती, क्योंकि इसमें भी या तो उन्हीं की गलती तलाशी जाती है या फिर उनकी पढ़ाई और करियर पर रोक लगा दी जाती है। बहुत से मामले तो ऐसे भी हुए हैं, जब लड़की की शिकायत पर परिजन उसका साथ देने आगे आये, तो उनके साथ हिंसक व्यवहार होता है। छेड़खानी या यौन शोषण के मामले में लड़की अगर निचली जाति की हुई, तब उसके लिए कानून के दरवाजे पर पहुंचना और कठिन हो जाता है।

**बहुत से मामले तो ऐसे भी हुए हैं, जब लड़की की शिकायत पर परिजन उसका साथ देने आगे आये, तो उनके साथ हिंसक व्यवहार होता है। छेड़खानी या यौन शोषण के मामले में लड़की अगर निचली जाति की हुई, तब उसके लिए कानून के दरवाजे पर पहुंचना और कठिन हो जाता है।**

छेड़खानी के मामलों को नजरंदाज करना या उन पर किसी कड़ी सजा का प्रावधान न होना ही आगे जाकर बड़ी घटनाओं का रास्ता खोलता है। देश इस वक्त ऐसे कई मामलों पर फिर से समाज को उद्वेलित होता देख रहा है। कोलकाता मामले में तो अब सुप्रीम कोर्ट ही स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। इसके अलावा कई ऐसे मामले भी सामने आये हैं, जिनमें पीड़ित परिवारों की तरफ से एफआइआर दर्ज कराने को लेकर भी समस्याएं पैदा की गयी हैं। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज में बरदाश्त करने लायक नहीं है।

अब सभी सरकारों, नागरिकों और राजनीतिक दलों को गंभीर मंथन करना होगा कि समाज में महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए क्या कदम उठाये जायें। न्याय हर नागरिक का अधिकार है, उसे पुलिस और प्रशासन की 'मर्जी का मोहताज' नहीं बनाया जा सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

**इतने बडे उद्योगपति और इतनी बड़ी हस्ती की गिरफ्तारी या फिर उस पर मुकदमा दर्ज कराने का अर्थ यह है कि संबंधित देश का लोकतंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है। इतना ही नहीं बल्कि लोकतंत्र का संहार हो गया है, अभिव्यक्ति की आवाज का कोई अर्थ नहीं रह गया है, अभिव्यक्ति की आवाज को सत्ता की शक्ति से दबाया जा रहा है, कुचला जा रहा है, शक्तिहीन किया जा रहा है।**

# पावेल ड्यूरोव की गिरफ्तारी और सोशल मीडिया की काली दुनिया

आचार्य विष्णु श्रीहरि



**सोशल** मीडिया और मैसेजिंग एप की दुनिया भयकर काली है, षडयंत्रकारी है, भ्रष्टचारी है, आतंकी भी है और लोकतंत्र खोर भी है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप की दुनिया अपनी काली कमाई भी छिपाती है और भ्रष्ट शासकों का अप्रत्यक्ष समर्थन भी करती है, इस्लामिक कट्टरपंथ को भी खादपानी देती है, आतंकी दुनिया को उसके विचारों को फैलाने का मंच भी देती है। आतंकी दुनिया सोशल मीडिया और मैसेजिंग दुनिया को अपने आतंकी विचार के प्रचार-प्रसार और गुर्गे ढूढने के लिए करती है। क्या यह सही नहीं है कि फेसबुक ने चुनाव प्रचार के दौरान तत्कालीन अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप को प्रतिबंधित कर दिया था? क्या यह सही नहीं है कि भारत के पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया और मैसेंजिंग मीडिया भारत के लोकतंत्र को समाप्त करने और आरक्षण समाप्त करने के अफवाह को फैलायां था? सोशल और मैसेजिंग दुनिया अपनी अप्रत्यक्ष कमाई छिपाती है और टैक्स की भी खूब चोरी करती है। फिर भी आप इन तथ्यों से सहमत नहीं है तों फिर मैसेंजिंग एप के मालिक पावेल ड्यूरोव की गिरफ्तारी और उस पर लगे टैक्स की चोरी का प्रसंग उदाहरण और प्रमाण के तौर पर देख लीजिये।

**अगर पावेल ड्यूरोव भारत का नागरिक होता और उस पर भारत में टैक्स चोरी करने के आरोप होते तो फिर कदापि वह जेल नहीं जाता।**

मैसेजिंग एप टेलीग्राम के संस्थापक पावेल ड्यूरोव की गिरफ्तारी कोई साधारण नहीं है, इनकी गिरफ्तारी से कई अनैतिकता, भ्रष्टाचार और आतंकवाद ही नहीं बल्कि राजनीतिक खेल को नियंत्रित करने जैसी करतूतों का भी पदार्फाश होता है। आम तौर पर यह स्थापित तथ्य है कि बडे लोग सरकारी टैक्स की चोरी करते ही है, सरकारी नियमो को तोडते ही है और सरकारी योजनाओं का संहार कर अपनी झोली भरते ही है। इनकी पहुंच सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक होती है, इसलिए ये जेल जाने से बच जाते हैं, कानून के प्रताड़ना का शिकार होने से बच जाते हैं। इनके पक्ष में आसपास की दुनिया तो खडी ही रहती है, इसके अलावा इनके पक्ष में वैश्विक दुनिया खडी हो जाती है, इनके पक्ष की दुनिया यह कहती है कि इतने बडे कारपोरेट घराने, इतने बडे उद्योगपति और इतनी बड़ी हस्ती की गिरफ्तारी या फिर उस पर मुकदमा दर्ज कराने का अर्थ यह है कि संबंधित देश का लोकतंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है। इतना ही नहीं बल्कि लोकतंत्र का संहार हो गया है, अभिव्यक्ति की आवाज का कोई अर्थ नहीं रह गया है, अभिव्यक्ति की आवाज को सत्ता की शक्ति से दबाया जा रहा है, कुचला जा रहा है, शक्तिहीन किया जा रहा है। अदालतें भी ऐसी हस्तियों के प्रति चमत्कृत हो जाती हैं, प्रभावित हो जाती हैं, पक्ष में सक्रिय हो जाती हैं और सरकार से प्रश्न पर प्रश्न खडा कर देती हैं, सुनवाई पर सुनवाई करती है, सुबह, दो पहर, शाम रात और भोर मे भी अदालते लग जाती हैं। फिर ऐसी हस्तियों को जमानत भी मिल जाती है। दारू बेचने और पिलवाने के अपराध में जेल में बंद अरविन्द केजरीवाल इसका उदाहरण है। लोअर कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जितनी तारीखें अरविंद केजरीवाल को मिली, जितने विन्दुओं पर लोअर कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की उतने विन्दुओं पर एक आम आदमी को अपने बचाव में सुनवाई का अवसर दिया जा सकता है? आम आदमी से संबंधित मुकदमों में ऐसा अवसर तो देखने का मिलता ही नहीं, ऐसा उदाहरण तो खोजने से मिलता नहीं। बीबीसी के टैक्स चोरी का मामला क्या भारत में दब नहीं गया, राजनीति प्रबंधन का शिकार नहीं हो गया? टैक्स चोरी के आरोप में बीबीसी के संचालकों की गर्दन भारत सरकार नाप सकी?

पावेल ड्येरोव भी एक हस्ती है, वह सिर्फ फ्रांस की हस्ती नहीं है बल्कि दुनिया की हस्ती है। क्योंकि उसका मैसेजिंग एप सिर्फ फ्रांस मे चर्चित और स्थापित नहीं है। उसका मैसेजिंग एप टेलीग्राम दुनिया भर में चर्चित और स्थापित है। यह कहना सही होगा कि टेलीग्राम सहज और आसान मैसेजिंग एप है। हवाटसप से लाख गुणा अधिक सहज और आसान है। जहां पर हवाटसप मैसेजिंग को जांच पडताल की सीमा रेखा में ही रखता है और भारी मैसेजिंग को प्रसारित करने में असहज और कठिन बना देता है, भारी वीडीओ और अन्य मैसेजिंग हवाटसप आदि मैसेजिंग एप से भेजना बहुत ही कठिन है। लेकिन टेलीग्राम भारी से भारी वीडीओ और अन्य सामग्री को आसानी से भेज देता हैं। यही कारण है कि कई देशों में टेलीग्राम की पहुंच और वर्चस्व खास है। रूस में कभी इस एप का वर्चस्व था। रूस से अलग हुए देश जैसे यूर्क्रेन, अजरबैजान और साउथ अफ्रीका में टेलीग्राम का चलन लोकप्रिय है। इसके साथ ही साथ फ्रांस में भी इस एप का दबदबा रहा है। पावेल ड्यूरोव फ्रांस का मूल निवासी नहीं है। वह मूल रूप से रूस का निवासी है। रूस में ही उसने टेलीग्राम को खडा किया था और इसकी व्यूह रचना वहीं तैयार की थी। लेकिन रूस के शासक पुतीन की गिद्ध दृष्टि के कारण उसे रूस छोडकर भागना पडा। रूस छोड कर भागने के बाद अरब के देशों में भी व्यापार की खोज की थी। इसके बाद उसने फ्रांस की नागरिकता ली थी और टेलीग्राम को फ्रांस से ही संचालित कर रहा था। उसकी योजना टेलीग्राम को विश्वव्यापी बनाने की थी और वह फेसबुक ह्वाटसप के साथ ही साथ टिवट्र को भी चुनौती देकर पछाडना चाहता था, इन्ही योजनाओं पर वह काम कर रहा था। इस दौरान उस पर टैक्स की चोरी का आरोप लगा। फ्रांस सरकार के संबंधित विभागों से टैक्स की चोरी की जांच में उसने सहयोग भी नहीं किया। जांच में सहयोग न करना उसके लिए भारी पड गया और गिरफ्तारी का कारण भी बन गया।

फ्रांस की वह हस्ती था फिर गिरफ्तारी से बच नहीं सका? यह प्रश्न बहुत ही रहस्य वाला है। पावेल ड्यूरोव अगर भारत मे होता तो फिर टैक्स एजेसियों पर आरोपों का जंजाल खड़ा हो जाता, मीडिया से लेकर राजनीति, कोर्ट और जनता भी प्रश्न पूछति। टैक्स जांच एजेसियों को जांच करने की जगह मीडिया, कोर्ट और राजनीति के प्रश्नों को जवाब देने में ही पसीना छूट जाते और फिर जांच कमजोर हो जाती और प्रभावित हो जाती। टैक्स चोरी का आरोप शाहरूख खान,आमिर खान, अक्षय कुमार, करीना कपूर, माधुरी दीक्षित जैसे हीरो-हिरोइनों पर रहा है, टैक्स चोरी का आरोप दिल्ली के दर्जनों वकीलों के उपर रहा है, देश के सैकडों हजारों कारपोरेट घरानों और उद्योगपितयों पर टैक्स की चोरी का आरोप रहा है फिर भी टैक्स चोरी के आरोप मे किसी फिल्मी हीरो-हिरोइनों को जेल जाते हैं देखा है, सुना है, इसी प्रकार किसी बडे कारपोरेट घरानों और बडे उद्योगपतियों को टैक्स की चोरी करने के आरोप में जेल जाते हुए देखा है? यहां तो टैक्स की चोरी करने के बाद सीनाजोरी कर ईमानदार घोषित करने की परंपरा है। अगर पावेल ड्यूरोव भारत का नागरिक होता और उस पर भारत में टैक्स चोरी करने के आरोप होते तो फिर कदापि वह जेल नहीं जाता। फ्रांस की जनता प्रशंसा की पात्र है जो पावेल ड्यूरोव के पक्ष में नहीं खडी हुई। फ्रांस की जनता यह नहीं कही कि पावेल एक हस्ती है इसलिए उसे मत गिरफ्तार करो। फांस की सरकार पावेल की शक्ति से नहीं डरी। फ्रांस ने यह नहीं समझा कि दुनिया का सोशल मीडिया में उसकी बदनामी हो सकती है। सोशल मीडिया में उसकी छबि खराब हो सकती है और उस पर लोकतंत्र को कुचलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कब्र खोदने जैसे अंतिरंजित आरोप भी लग सकते हैं।

अभिव्यक्ति के नाम पर सोशल और मैसेजिंग दुनिया के मालिकों को अराजक नही बनाने देना चाहिए, उनके आतंकवादी सहचर होने के प्रमाणों को खारिज नही करना चाहिए, उनकी टैक्स चोरी की करतूत पर उदासीनता नहीं बरतनी चाहिए। प्रांस ने वीरता दिखायी है, दृढता दिखाया है।

पावेल ड्यरोव जैसी हस्ती की गर्दन उसने नापी है। खासकर अमेरिका और भारत को भी इसी तरह की नीतियां अपनानी चाहिए। अधिकतर सोशल मीडिया के संस्थापक अपेरिका में रहते हैं और वहीं से अपना खेल दुनिया भर करते हैं। भारत सोशल मीडिया और मैंसेजिंग मीडिया संस्थानों का आसान शिकार है। भारत को भी फ्रांस की नीति अपनानी चाहिए और सोशल मीडिया व मैसेजिंग मीडिया के संचालको की गर्दन भारत विरोधी भावनाओं के खिलाफ नापनी चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं: पीएम मोदी

### दोषी बचने नहीं चाहिए; सरकारें आती-जाती रहेंगी, नारी सम्मान की रक्षा हमारा दायित्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**जलगांव/जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्व-सहायता समूहों को 5 हजार करोड़ रुपए का लोन जारी किया। साथ ही 11 लाख लखपति दीदियों को सर्टिफिकेट भी दिया। महिलाओं ने अपने अनुभव पीएम से साझा किया पीएम ने योजना की लाभार्थी महिलाओं से संवाद किया। पीएम ने देशभर में हो रही रेप की घटनाओं पर चिंता जतायी। कोलकाता में महिला डॉक्टर, बदलापुर में दो बच्चियों के यौन शोषण समेत देशभर में हो रही घटनाओं का बिना नाम लिए उन्होंने कहा- आज देश का हर राज्य अपनी बेटियों की पीड़ा और गुस्से को समझ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं देश के हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है। दोषी कोई भी हो, उसे बचना नहीं चाहिए। सरकारें आती जाती रहेंगी। नारी के सम्मान और गरिमा और उनके जीवन की रक्षा का दायित्व हमारा है।

## उमर अब्दुल्ला गांदरबल से विस चुनाव लड़ेंगे

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। श्रीनगर से नेशनल कांफ्रेंस के सांसद सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने रविवार को नुनेर की एक चुनावी रैली में इसकी घोषणा की। उमर अब्दुल्ला भी यहां मौजूद थे। हालांकि जुलाई 2020 में उमर ने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिलता, मैं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। 2014 के विधानसभा चुनाव में उमर बीरवाह सीट से लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी नाजिर अहमद खान को 910 वोटों से हराया था। अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने हमारे घोषणा पत्र की नकल की है। उन्होंने करीब वो सभी वादे किये, जो हमने पहले किये। कश्मीर की बेहतरी के लिए एनसी-कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ पीडीपी अपना प्रत्याशी न उतारे, क्योंकि उनका एजेंडा एक ही है।

# यूपीएस में 'यू' का मतलब 'मोदी सरकार का यू-टर्न': खड़गे

**लेटरल एंट्री-ब्रॉडकास्ट बिल के बाद अब पेंशन स्कीम**

**पीएम के अहंकार पर जनता हावी हो गयी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की नयी पेंशन स्कीम के बाद यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाने के फैसले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 'यूपीएस' में 'यू' का मतलब 'मोदी सरकार का यू-टर्न' है। रविवार को सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जनता की शक्ति पीएम के सत्ता के अहंकार पर हावी हुई है। सरकार ने पहले बजट में लांग टर्म कैपिटल गैन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल, यूपीएससी के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला भी वापस लिया। हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार शनिवार (24 अगस्त) को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लेकर आयी। स्कीम एक अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा।

## सौंदर्य प्रतियोगिता में भी आरक्षण चाहते हैं राहुल गांधी: किरेन रिजिजू




**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में दलित-आदिवासी महिलाओं की कमी वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान की आलोचना की है। रिजिजू ने रविवार को कहा कि राहुल मिस इंडिया में भी आरक्षण चाहते हैं। ये सिर्फ बाल बुद्धि की दिक्कत नहीं है। जो लोग उनकी जय-जयकार करते हैं, वे भी उतने ही जिम्मेदार हैं। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 24 अगस्त को प्रयागराज में कहा कि मैंने मिस इंडिया की लिस्ट चेक की। इसमें कोई दलित, आदिवासी या ओबीसी कम्युनिटी की महिला नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि देश सुपर पावर बन गया। कैसे सुपर पावर बन जाएगा? 90% लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं। राहुल के बयान पर रिजिजू ने कहा, बाल बुद्धि मनोरंजन के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन राहुल अपनी विभाजनकारी बातों से हमारे पिछड़े समुदायों का मजाक न उड़ायें। सरकार मिस इंडिया को सिलेक्ट नहीं करती। सरकार ओलिंपिक के लिए एथलीट्स और फिल्मों के एक्टरों को नहीं चुनती है।

## हरियाणा में बदल सकती है चुनाव की तारीख

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में एक अक्टूबर के लिए प्रस्तावित विधानसभा चुनाव की वोटिंग की तारीख बदल सकती है। भाजपा और इंडियन नेशनल लोकदल ने चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजकर छुट्टियों और बिश्नोई समाज के धार्मिक कार्यक्रम का हवाला देकर तारीख बदलने की मांग की थी, जिस पर चुनाव आयोग विचार कर रहा है। संभावना है कि चुनाव आयोग हरियाणा में 1 अक्टूबर के बजाय 7 या 8 अक्टूबर को वोटिंग कराए। ऐसा होने पर जम्मू-कश्मीर की मतगणना की तारीख भी बदल सकती है। इस पर जो भी फैसला होगा, चुनाव आयोग उसका मंगलवार को ऐलान करेगा।

## एक महीने में बांग्लादेश से कोई हिंदू नहीं आया: हिमंता



**सिलचर (आजाद सिपाही)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि एक महीने में बाग्लादेश में से कोई भी हिंदू असम या भारत में नहीं आया है। वहां की हिंदू कम्युनिटी वहीं पर लड़ रही है। बाग्लादेश से 35 मुस्लिम लोग जरूर आये हैं। उनके पास पास्पोर्ट नहीं थी। सभी 35 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर ही शनिवार को हिमंता ने कहा- वहां की हिंदू कम्युनिटी भारत आने की कोशिश नहीं कर रही है। हालांकि, मुस्लिम लोग आने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। आज ही हमने करीमगंज में 2 लोगों को करीमगंज से वापस भेजा। वे हिंदू नहीं थे। हिंदू प्रधानमंत्री मोदी से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

# पीएम का नशामुक्त भारत का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है: अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आंचलिक इकाई कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, एनसीबी, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 2047 में भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष में नशामुक्त देश का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और वैभवशाली भारत के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। श्री शाह ने कहा कि ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने कहा कि भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शिद्दत, गंभीरता और एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ेंगे तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में नारकोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। श्री शाह ने कहा कि ड्रग्स के अवैध व्यापार से अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी बर्बाद होती है बल्कि देश की सुरक्षा भी कमजोर होती है। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर नारकोटिक्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ें और मोदी जी के नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि आज एनसीबी के रायपुर जोनल कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। उन्होंने कहा कि ये जोनल ऑफिस न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे क्षेत्र में नारकोटिक्स पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री शाह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि देश के हर राज्य में एनसीबी की उपस्थिति हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हर राज्य में एनसीबी के कार्यालय की स्थापना कर राज्य सरकारों के सहयोग से नशे के कारोबार को खत्म करेगी।

## रंका में पांच डिसमिल भूमि में लगी गांजा की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के पाल्हे के भलपहरी टोला में पांच डिस्मिल जमीन पर लगे गांजा के खेती को रंका पुलिस द्वारा विनष्ट किया गया। इस अभियान में रंका थाना के एस आई राजेश कुमार झा और शसस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बरडीहा मिडिल स्कूल के पास जर्जर सड़क पर धान रोपनी कर जताया विरोध



बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड में तालाब नुमा सड़क पर आक्रोशित ग्रामीणों ने धनरोपनी कर आक्रोश जताया। जानकारी देते हुए पूर्व मुखिया रामदेव विश्वकर्मा ने बताया कि स्थानीय विधायक के रहते हुए मुख्यालय में रोड का स्थिति जर्जर है तो बाकी सुधार भारती क्षेत्र में क्या स्थिति रही होगी जिसे धन रुपाणी का विरोध जताया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व मुखिया रामदेव विश्वकर्मा उर्फ भरदुल विश्वकर्मा, विनित कुमार, प्रदीप कुमार सोनू कुमार विकास कुमार अशोक विश्वकर्मा शेख ईसरत सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पूर्व की सरकारों ने चलायी सिर्फ लूट-खसोट योजना: मिथिलेश



### मंत्री ने किया गढ़वा प्रखंड के एक दर्जन गांवों में जन संवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा प्रखंड के फरठिया और मध्या पंचायत में लगभग एक दर्जन गावों में जन संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही मंत्री ने ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निदान भी किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने फरठिया पंचायत के ग्राम सिदे खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम नकदरवा पाल टोला में दुर्गा मंदिर के समीप, ग्राम फरठिया पूरबारा टोला में सूर्य मंदिर के समीप, पंचायत मधेया के ग्राम महुपी टांड़ पर, ग्राम मधेया के टोला रामगढ़ में नागेन्द्र चौबे के समीप, ग्राम मधेया पंचायत भवन के समीप, हुर एवं मधेया गांव का मधेया चौहट्टा के समीप, ग्राम खजुरी में स्कूल के समीप, ग्राम झूरा में रविदास मंदिर के समीप तथा ग्राम हरैया के पासवान टोला में प्रभु सिंह के घर के समीप जनसंवाद कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व में झारखंड में जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित की कोई भी योजना नहीं चलायी। पूर्व की सरकारों ने सिर्फ लूटो, खसोटो, खाओ और राज्य को लूटवाओ योजना चलायी। पूर्व की सरकार ने हाथी उड़ाकर राज्य की खजाना को ही खाली कर दी थी। पहले की एक भी योजना आज कहीं भी धरातल पर नहीं दिखती है। मंत्री ने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से हेमंत सरकार पूरे राज्य में अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रख कर बहुत सारी योजनाएं चला रही है। आज पूरे राज्य में हर क्षेत्र में विकास दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता को अपने कार्यां के लिए, अपने समस्याओं के निदान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ रहा है। मैं खुद गांव-गांव आपके दरवाजे तक पहुंचकर आपके समस्याओं का निदान कर रहा हूं। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, सलीम जाफर, धीरेंद्र चौबे, रविंद्र तिवारी, ललन प्रजापति, अजय पाल, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विभिन्न क्षेत्रों से 500 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**गढ़वा।** गढ़वा के विभिन्न गांवों से 500 से अधिक लोगों ने दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। रविवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर गढ़वा प्रखंड के पिपरा पंचायत के गांगी कला गांव के 200 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के उंचरी, फरठिया पंचायत के सिदेखुर्द तथा पाल टोला नकदरवा में काफी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने कहा कि आज पूरे जिले में हर गांव से काफी संख्या में लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। जनता का रूझान इस बात को दर्शाता है कि पूरे राज्य में जनहित का बेहतर कार्य हो रहा है। मंत्री ने कहा कि झामुमो में सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है।

# रंका में हाथियों का उत्पात, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता





**रंका।** रंका पश्चिमी वन क्षेत्र अंतर्गत कटरा पंचायत के ग्राम सिरोईकला ढोंटी टोला में बिती रात्रि 11:00 बजे जंगली हाथियों ने जम कर उत्पात मचाया। हाथियों ने एक आदिम जनजाति परिवार के कच्चे घर को ध्वस्त कर दिया और सो रहे तीन बच्चे को कुचल कर बुरी तरह घायल कर दिये। हाथी उत्पात करते रहे और ग्रामीण डर से दुबके रहे। जब हाथी कुछ दूर चले गए तब झामुमो के दीपक गुप्ता, नसीम अंसारी,ग्रामीण बजरंगी साव, गोलू सिंह एवं भुदेश्वर सिंह ने घायल बच्चों को लेकर रंका रेफरल अस्पताल लाए जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना की पुष्टि वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने भी की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से घायल जख्मी बच्चों को मुआवजा सहायता राशि मुहैया कराने की मांग की है।

## आरके पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग संपन्न

# प्रत्येक बच्चे के सीखने के तौर-तरीके में अंतर होता है: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में बुधवार से रविवार तक, स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार झा की उपस्थिति में कक्षावार पेरेंट्स टीचर मीटिंग संपन्न हुई।

रविवार को आयोजित पेरेंट्स मीटिंग में स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने बच्चों के शैक्षिक व बौद्धिक मूल्यांकन के बारे में अभिभावकों से विस्तार रूप से चर्चा किया। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि सभी बच्चे एक प्रवृत्ति के नहीं होते हैं, प्रत्येक बच्चों के सीखने के तौर तरीकों में अंतर होता है। बहुत बच्चे तो किसी बात को देखकर ही सीख जातें हैं और कुछ बच्चे बहुत देर से चीजों को सिख पाते हैं, इसलिए अपने बच्चों के दिमाग को पढ़ने की कोशिश करें। यदि आपका बच्चा देर से चीजों को सीखता है तो आपको अपने बच्चे पर अधिक ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि वह चीजों को आसानी से सीख सके। उन्होंने कहा कि कई ऐसे शिक्षक होते हैं जो बच्चों को खुले दिमाग से सीखने का अवसर देते हैं और माता-पिता को भी सलाह देते है कि वे बच्चों पर दबाव न डालें। आपका बच्चा स्कूल में क्या सीखता है? आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। बच्चों को स्कूल में जो पाठ पढ़ाया जाता है, उसका अभ्यास घर पर हो, इसकी जिम्मेदारी माता-पिता को होनी चाहिए। इस दौरान हर कक्षा के शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे, जिनमें अनीता सिन्हा,अभिलाषा तिवारी, रंजीत गुप्ता, जागृति चौबे, नीतू सिंह नितेश पांडे, विकास पांडे आदि उपस्थित रहे। अंत में पीके झा ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

# वनकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जंगलों की कटाई में हुई वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता



काटे गये हरे पेड़।

**भवनाथपुर।** वन कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर जंगलों से हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। उतरी वनक्षेत्र के कैलान, घाघरा, करमाही, फुलवार सुरक्षित वन क्षेत्र से बेखौफ होकर ग्रामीण तेजी से पेड़ काट कर जंगलों के भुमि पर अतिक्रमण कर झोपड़ी लगा कर खेती कर रहे हैं। जंगलों से सिधा, सखुआ, बांस, चिलबिल, सलई जैसे किमती पेड़ों को काट रहें हैं। पिछले 16 अगस्त से वनकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जंगलों की कटाई में वृद्धि हुई है। हड़ताल में जाने के कारण वनकर्मी जंगलों में जाना बंद कर दिये है जिस कारण लोग बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं।

भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र छह प्रखंड तथा सात थानों से घिरा है। भवनाथपुर वनक्षेत्र करीब 1.35 लाख एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। उतरी वनक्षेत्र भवनाथपुर प्रखंड, केतार, खरौंधी, कांडी, मझीआंव, बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में फैला हुआ है, साथ ही यह भवनाथपुर थाना, केतार, खरौंधी, हरिहरपुर ओपी, कांडी, मझीआंव, बरडिहा थाना के सीम से लगा हुआ है। पेड़ कटाई के अलावा पत्थर माफिया, बालू माफिया बेखौफ होकर जंगलों से पत्थर व बालू उत्खनन करने में लगे हुए हैं। भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र में देख रेख के लिए वनरक्षी तथा वनपाल मिलाकर 16 कर्मी नियुक्त हैं, लेकिन इनके हड़ताल पर चले जाने के कारण लोगों में भय का माहौल खत्म हो गया है, जिस कारण दिन रात जंगलों को संपत्ति को नुक्सान पहुंचाने में लगे हैं।

## डीएवी भवनाथपुर में पांच साल तक के बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की खुराक

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में पांच वर्ष तक के बच्चों को सफलतापूर्वक पोलियो ड्रॉप का सेवन कराया गया। भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र से आए स्वास्थ्य कर्मियों तथा विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा की निगरानी सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी गयी। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने स्वास्थ्यकर्मियों को धन्यवाद दिया। कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन होता है और स्वस्थ मन होगा तभी बच्चे शिक्षा को ग्रहण करने योग्य बनेंगे। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विद्यालय स्तर पर भी कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस मौके पर शिक्षक शौकत अली, संजय राय भट्ट,ओ पी सिंह, जे एस तिवारी, सूरज सिंह, शबनम खातून, रंजना वर्मा आदि शिक्षक भी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत सभी 22 बूथों पर रविवार को मंडल के भाजपाइयों सहित ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस मौके पर बड़गड़ मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद सहित सभी बूथों के लिए नियुक्त कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति में निर्धारित समय पर मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। मन की बात कार्यक्रम में उगरा बूथ पर मंडल अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। इसी तरह टेंगारी में अखिलेश पांडेय, बड़गड़ में विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, बसंत सोनी, रमेश प्रसाद, सुनिता देवी, अरविंद जयसवाल, परशुराम सिंह, रामसेवक रजक, चंद्रेश प्रसाद आदि कि उपस्थिति में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

# अलग-अलग मामलों में आधा दर्जन लोगों पर धोखाधड़ी करने की प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने अलग अलग तीन मामलों में आधा दर्जन लोगों पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने की प्राथमिक की दर्ज किया है, जिसमें पहले मामले में भवनाथपुर बाजार निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता पिता स्वर्गीय जगदीश प्रसाद गुप्ता के द्वारा बाजार निवासी अपने दोस्त विनोद विश्वकर्मा पिता लक्ष्मी विश्वकर्मा के ऊपर कर्ज के रूप में 3 लाख 20 हजार धोखाधड़ी करने और पैसा मांगने पर जान मरने कि धमकी देने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरा मामला भवनाथपुर बाजार कपूर्री चौक निवासी गुप्तेश्वर प्रसाद पिता सियाराम प्रसाद गुप्ता द्वारा जमीन खरीदने के लिए दिए पैसा पर फर्जी जमीन पाये जाने पर अपना पैसा वापस मांगने पर मदगडी भंडरिया निवासी रामप्रवेश प्रसाद पत्नी कौशल्या देवी, पलामू के पांकी निवासी बिरजू गुप्ता पत्नी विभा देवी तथा हैदरनगर पलामू निवासी सुप्रिया कुमारी पिता कृष्णा प्रसाद गुप्ता पर 8 लाख रुपया धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। तीसरे मामले में भारत फाइनेंस इंक्लूस्टिव लिमिटेड भवनाथपुर शाखा प्रबंधक मनीष यादव पिता सिकंदर यादव मतनाग थाना लातेहार द्वारा 1 लाख 68 हजार रुपया समूह के महिलाओं से सप्ताहिक पैसा वसूल कर गबन करने का आरोप बैंक के ब्रांच मैनेजर आनंद कुमार सिंह के द्वारा भवनाथपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज करायी गयी है।

## विवेक का शव रंका पहुंचा, ठेकेदार ने किया दो लाख का आर्थिक सहयोग



रंका। रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के पहल व गढ़वा विधायक सह सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयास से विवेक भुईयां का शव रंका लाया गया। इसके संबंध में दीपक सोनी ने आजाद सिपाही को बताया कि रंका प्रखण्ड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के मझिगावां गांव निवासी विवेक भुईयां हैदराबाद में एक प्लांट में काम करता था। जहां पर 23 अगस्त दिन शुक्रवार को सुबह पेट में दर्द हुआ तो वहां साथ में मौजूद विवेक के जिजा रूम से अस्पताल ले जाने लगा। इसी क्रम में वह रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के माध्यम से मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सूचना दिया गया। सुचना मिलते ही एलएनटी प्लांट के मालिक से संपर्क कर एंबुलेंस के माध्यम से शव को घर भेजने के लिए निर्देशित किया गया और ठेकेदार के माध्यम से मृतक के परिजनों को दो लाख रूपये का आर्थिक सहयोग तत्काल मुहैया कराया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो के विनय यादव, युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष नंदू यादव,लक्ष्मी साव, गिरिशंकर साव, बब्लू यादव, रूपेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बेलचंपा में मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में गढ़वा प्रखंड के पंचायत बेलचंपा के ग्राम बेलचंपा के पंचायत भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि मेरा और आपका रिस्ता कोई राजनैतिक नहीं बल्कि पारिवारिक हैं। आपके हर-सुःख मैं साथी रहा हूं। अपने पूर्व के कार्यकाल का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि चाहे डंडा को प्रखंड बनाना हो, गरीब-गुरबा, शोंषितों, वंचितों को हक दिलाना हो हमेशा आपके साथ खड़ा रहा हूं। आज पूरे गढ़वा विधानसभा में लूट, खशोट, चमचागिरी व्यापत हैं, चाहे जमीन का मामला हो, अबुआ आवास हो सभी को बेचा जा रहा हैं, यहां के मंत्री ने बालू को बारूद बाना दिया हैं। आज बालू तीन से चार हजार में बेचा जा रहा हैं, बालू उत्तरप्रदेश, नॉएडा और अन्य राज्यों में भेजा जा रहा हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ही बना की जल, जंगल और जमीन को बचाएंगे साथ ही आदिवासीयों का विकास होगा। लेकिन ना तों जंगल बचा ना जमीन बचा ना ही आदिवासी भाइयों का हक मिला अब इनका विदाई तय हैं। जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका जबाब जरूर देगी। आज मिलन समारोह में भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं अन्य दलों को छोड़ लगभग 400 लोगों को माला पहना कर परिवर्तन यात्रा में शामिल किया और साथ चलने का संकल्प किया।

# बीएसकेडी स्कूल में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बीएसकेडी पब्लिक स्कूल, में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अनेक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें मटका फोड़ और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा डांडिया नृत्य की प्रस्तुतियां शामिल थीं।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक संजय सोनी और अध्यक्ष शोभा सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस शुभारंभ के बाद बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरित विभिन्न प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। छात्रों के बीच हुई मटका फोड़ प्रतियोगिता में भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की झलक देखने को मिली। बच्चों ने अपने कौशल और साहस का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी उत्साहपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी, जिससे उनकी कलात्मकता और रचनात्मकता की झलक मिली।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक संजय सोनी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ₹इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल बच्चों को हमारी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हैं बल्कि उनमें एकता और सहयोग की भावना भी जागृत करते हैं। अध्यक्ष शोभा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास होता है।

## अधूरे पड़े चंद्रवंशी भवन को भव्य रूप देने को लेकर बैठक

बंशीधर नगर। भारत वर्षीय चंद्रवंशी सभा इकाई अनुमंडल स्तरीय बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इस बैठक की अध्यक्षता महेंद्र चंद्रवंशी ने किया। जिसमें मुख्य रूप से बंशीधर नगर में अधूरे पड़े चंद्रवंशी भवन को भव्य रूप देने को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक में महेंद्र चंद्रवंशी, काशी चंद्रवंशी, रमेश चन्द्रवंशी, भरदुल चंद्रवंशी राजू कुमार चंद्रवंशी लक्ष्मण, सरजू वीरेंद्र, सूरज, अशोक, यशवंत चंद्रवंशी, दिनेश, वीरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, बंटी चंद्रवंशी, प्रमोद, अशोक, सुरेश चंद्रवंशी, अविनाश, गोपाल, लक्ष्मण राजकुमार चंद्रवंशी सहित इस बैठक का मुख्य अतिथि अजय वर्मा ने क्षत्रीय चंद्रवंशी परिवार में जन्मे महापुरुष जरासंध जी को नमन करते हुए समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# 24वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से गढ़वा में

### प्रतियोगिता को लेकर टेबल टेनिस संघ ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



टेबल टेनिस संघ की बैठक में शामिल संघ के प्रदर्शित पदाधिकारी और सदस्य।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ की मेजबानी में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से बंधन मैरिज हॉल नवादा मोड में किया जायेगा। संघ के संरक्षण अलखनाथ पांडे ने भव्य आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की। प्रतियोगिता का आयोजन 16 अक्टूबर से बीस अक्टूबर तक करने के साथ ही सभी खिलाड़ियों, अंपायर, अतिथिगण को ठहराने की सुविधा पर विचार विमर्श किया गया और बेहतर सुविधा देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला को तीसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने की मेजबानी मिली है। प्रदेश ने जो जिम्मेदारी गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ को सौंपी है, उसे बेहतर तरीके से पूरा करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाना है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी ने कहा कि राज्य टेबल टेनिस संघ ने जो जबाबदेही दी है, उसे गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ प्रतियोगिता का बेहतर आयोजन कर पूरा करेगा। सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी, संजय सोनी, अमित सिंह, दीपक सिन्हा, ललन सोनी, जायंट्स अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष मोजीबुद्दीन खान, विजय सोनी, प्रिंस सोनी, निस्बत खान, अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, रोशन धर दुबे अमोद कुमार पांडेय, अजय कुमार ठाकुर, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नवनीत शुक्ला प्रवीण मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने और धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष दीपक सिन्हा ने की।

# गढ़वा में लोगों ने सुनी मन की बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा द्वारा नगर मंडल क्षेत्र के सभी 33 बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम सुना गया। 113वें एपिसोड की बात सभी लोगों ने सुना। बूथ नंबर 128 पर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में सुना गया। मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित मंडल महामंत्री देवेंद्र गुप्ता संतोष कश्यप कैलाश कश्यप गिरधारी सोनी छोटन सोनी रमेश कुमार लखन गुप्ता विवेक सोनी विकास सोनी अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा यह जो कार्यक्रम चलाया गया है, यह बहुत ही उच्च जानकारी कार्यक्रम है, इससे देश के युवाओं को नयी-नयी जगह की नयी-नयी बातें जानने को मिलता है और बहुत सारी इसमें ज्ञान की बातें भी लोगों को जानने को मिलता है।

## विधायक ने खूंटी धर्मशाला में शौचालय निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# धर्मशाला के उद्देश्यों को सार्थक बनाने की आवश्यकता : नीलकंठ

**विधायक ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए वे शुरू से ही तत्पर हैं।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** आजादी से पूर्व हमारे पुरखों ने जिस उद्देश्य से खूंटी की हृदयस्थली में महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला का निर्माण कराया था, उसे सार्थक बनाने की आवश्यकता है। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में गठित नयी कमेटी जिस प्रकार से इस धर्मशाला के पुराने स्वरूप को विकसित करने का काम कर रही है, वह सराहनीय है। मुझे पूरा विश्वास है कि धर्मशाला निर्माण का उद्देश्य निश्चित ही पूरा होगा। ये बातें खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। विधायक रविवार को महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला में अपनी विधायक निधि से बनने वाले 10 यूनिट शौचालय निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि इस धर्मशाला में लोगों को हर तरह की सुविधा मिल सके, इसके लिए हर संभव सहयोग किया जायेगा। अगली बार जब वह विधायक चुने जायेंगे, तो इस धर्मशाला में जो भी कमियां रह गयी हैं उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर इसे सुविधा संपन्न धर्मशाला के रूप में विकसित किया जायेगा। विधायक ने कहा कि खूंटी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए वे शुरू से ही तत्पर हैं। जब से वे खूंटी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, तब से यहां सड़क, पुल-पुलिया, बिजली पानी सहित अन्य सभी क्षेत्रों में जितने विकास के कार्य हुए हैं, उतना आजादी के दशकों बाद तक नहीं हो सका था। उन्होंने कहा कि खूंटी के लोगों का उनके प्रति जो प्यार व विश्वास स्थापित हुआ है, वह आगे भी बना रहे, यह मुझे पूरा विश्वास है। अनुमंडल पदाधिकारी सह धर्मशाला प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अनिकेत सचान ने कहा कि यह ऐतिहासिक धर्मशाला शहर की प्रमुख परिसंपत्ति है। इसके उद्धार के लिए एक नयी समिति का गठन किया गया। समिति जिस कर्मठता के साथ काम कर रही है, वह सराहनीय है। बाहर से आने वाले गरीब लोगों को यहां रहने की समुचित सुविधा मिल सके, इस दिशा में लगातार काम किए जा रहे हैं। इसमें जो कमी रहती है, उसे विधायक के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रबंध समिति के सचिव रंजीत प्रसाद और बालमुकुंद कश्यप ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन प्रबंध समिति के लव चौधरी और धनबाद ज्ञापन राजेंद्र बैठा ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जयंत लाल स्वर्णकार, अरुण चौधरी, किशोर गौंझू, प्रदीप पांडे, श्याम किशोर भगत, महेश चौधरी, अनूप साहू, रूपेश जायसवाल, राजेश्वर गुप्ता, प्रशांत भगत, रविंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, विकास चौधरी समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश धर्मशाला में शौचालय निर्माण का शिलान्यास करने के बाद विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान द्वारा धर्मशाला परिसर में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## श्रेया दां और रिम्मी राजकुमारी का राष्ट्रीय वुमेंस योगासन लीग के लिए चयन



श्रेया दाँ | रिम्मी राजकुमारी

बुंडू (आजाद सिपाही)। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, बुंडू की छात्रा श्रेया दां और रिम्मी राजकुमारी का चयन राष्ट्रीय वुमेंस योगासन लीग के लिए किया गया है। 1 से 3 अक्टूबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में योगासन वूमेन लीग के तहत अस्मिता खेलो इंडिया द्वारा पटना में हुए ईस्ट जोन योगासन में साउथ प्वाइंट की दोनों छात्रा श्रेया दां और रिम्मी राजकुमारी का चयन संयुक्त रूप से राष्ट्रीय आर्टिस्टिक पेयर के लिए किया गया है। इस ट्रॉयल में झारखंड समेत ईस्ट जोन के विभिन्न राज्य से प्रतिभागी शामिल हुए। पटना में 22 से 24 अगस्त को आयोजित हुए। ईस्ट जोन खेलो इंडिया वूमेन लीग में अपने हैरत अंगेज योगासन प्रदर्शन से श्रेया और रिम्मी ने अपनी जगह राष्ट्रीय टीम में बनायी है। चयनित प्रतिभागियों को चार हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गयी है। श्रेया और रिम्मी के चयन होने पर साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी समेत विद्यालय के सभी अध्यापकों ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय के योगाचार्य बबलू महतो के विशेष योगदान की प्रशंसा करते हुए दोनों छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए विजयी होने की कामना की है।

## राजा पीटर ने आगामी पदयात्रा को लेकर सारजमडीह में समर्थकों संग की बैठक

# जनता की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है : राजा पीटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** 28 को पदयात्रा को लेकर पूर्व मंत्री राजा पीटर ने सारजमडीह के देवी मेला परिसर में अपने समर्थकों संग रविवार को बैठक की। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी। राजा पीटर ने सभी समर्थकों से बारी बारी से बात की और उनकी बातों को सुना। गांव की समस्याओं से भी अवगत हुए। राजा पीटर ने कहा पूरे विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को लेकर 28 अगस्त को पदयात्रा प्रस्तावित है। जब तक जनता को उनका हक और अधिकार नहीं मिलेगा तब तक राजा पीटर चैन से नहीं रहेगा। कहा कि पिछले दस वर्षों से तमाड़ का विकास रुका हुआ है। पुरे विधानसभा क्षेत्र के सभी सड़कें काफी जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह ट्रांसफार्मर जले हुए हैं साथ ही लोगों पेयजल की किल्लत है। काफी जनसमस्याओं से रोज रुबरु होता हूं। आपकी इन्हीं मुद्दों को लेकर पदयात्रा करेगा। मौके पर लड्डू गोपाल सिंह मुंडा, रामपद सेठ, प्रभु सेठ, बुधनाथ सेठ, भरत सेठ, राजा कर्मकार, मिलन चटर्जी, प्रदीप सेठ, सरवन सेठ, चमर सेठ, उद्धव यादव, लखीराम यादव, रसियन दास, प्रदीप साहु, मोनु गुप्ता, चिंटु गुप्ता, मंटु सेठ, रामकुमार सेठ, सलील सेठ, प्रद्युम्न सेठ, राहुल सेठ, रजनीकांत ठाकुर, घासी हजाम, विमल पांडिय, दुरजो सेठ, विकास सेठ, अजेश सेठ, मनोज हजाम, गोपाल सेठ, विरेन सेठ, आशीष सेठ, नेपाल सेठ, सुनील सेठ, विश्वकर्मा सेठ, सदानंद हजाम, टेना हजाम, सदानंद सेठ, बुढ़ा सेठ, दिलेश्वर प्रमाणित, सुमित प्रमाणिक, दुलाल दास सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

## हॉकी खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम मोराबादी रांची में पिछले दिन आयोजित नेहरू कम हॉकी प्रतियोगिता में खूंटी जिले के खिलाड़ियों ने बेहद उम्दा प्रदर्शन किया। अंडर 17 के बालक वर्ग में खूंटी जिला को विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ बालिका वर्ग में खूंटी जिला की टीम चौथे स्थान पर रही, जबकि अंडर 15 वर्ग में खूंटी जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 15 वर्ग में खूंटी जिले के इमानुएल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। अंडर 17 बालक वर्ग में सचिन को बेस्ट स्कोरर तथा फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। खूंटी की अंडर 17 बालक वर्ग की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

शिक्षा विभाग द्वारा रविवार कों एक समारोह का आयोजन कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपूर्वा पाल चौधरी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने पूरी टीम को बधाई दी।

## हेसालोंग में रक्तदान शिविर का आयोजन




मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। हेसालौंग जैसे छोटे से गांव के 65 ग्रामीणों ने मिलकर रक्तदान कर यह संदेश देने का काम किया है कि मानवीय सेवा जैसे कार्य में यहां के लोगों का कोई जवाब नहीं है। शिविर में रक्तदाताओं के साथ-साथ ग्रामीणों ने जो उत्साह और सहयोग किया है वह प्रशंसनीय है। उक्त बातें लपरा मुखिया पुतुल देवी ने कही। वे रविवार को हेसालौंग शिव मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। कहा कि यह दान महादान है जिसका दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

## जैप 10 की महिला पुलिस कर्मियों को प्रोननति देने की मांग

खूंटी (आजाद सिपाही)। झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जैप 10 में 2004-05 में नियुक्त महिला पुलिसकम्रियों को प्रोन्नति देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बीस वर्षों की सेवा के बाद भी उन्हें प्रोन्नति नहीं मिली, जबकि जैंप 1,2,3,4,5,6,7,8,9 के पुरुष पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति दी गयी। ऐसी विसंगति को दूर करने की मांग दिलिप मिश्रा ने की। पत्रमें कहा गया है कि प्रोन्नति के लिए सारी अहर्ता पूरी करने के बावजूद 20 साल से प्रोन्नति लंबित है। लगता है कि सेवा निवृत्ति तक उन महिला पुलिस कर्मियों की प्रोन्नति का लाभ नहीं हो पायेगा। प्रोन्नति नहीं मिलने के कारण जो पुलिस कर्मी जूनियर थे, वे अब सीनियर हो गये हैं। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी सभी तरह की ड्ग्यूटी करती हैं, पर उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है।

## सीएचपी रिजेक्शन डंप में मजदूरी बढ़ाने को लेकर हुई ग्रामीणों की बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी चिरैयांटांड़ रिजेक्शन कोल डंप मे काम करने वाले मजदुरो का मजदुरी बढ़ाने को लेकर ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार और संचालन अनिल ठाकुर ने किया। बैठक मे रिजेक्शन कोल डंप में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे आगामी 27 अगस्त को मजदुर व लिफ्टरो की बैठक आयोजित की गयी है, जिसमे सभी मजदुरो और लिफटरो से बैठक मे उपस्थित होने की अपील की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लिफटरो के साथ होने वाले बैठक में यदि मजदूरी नहीं बढ़ाई गयी तो सभी मजदूरों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार, बिजय महतो,अमर महतो, श्रवण महतो, अनिल ठाकुर, टेड्डु मियां, गीता देवी, शीला देवी, शांति देवी, धनसी देवी, विकाश मुंडा, बासुदेव महतो सहित काफी संख्या मे ग्रामीण एवं मजदूर उपस्थित थे।

## अर्जुन यादव ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया



तमाड़/रडगांव (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के रडगांव के उलीडीह टोला में खराब ट्रांसफार्मर एक सप्ताह बाद काफी दिक्कतों का सामना कर प्रदेश महासचिव राजद अर्जुन प्रसाद यादव के प्रयास से ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ था, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना विभाग को दी। लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। तमाड़ के विधायक के पास भी बात पहुंचाई गयी मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। थक हार कर लोगों ने इसकी सूचना राजद महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव को दी, राजद महासचिव ने लोगों की परेशानी को देखते हुए विभाग से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया, तमाड़ अध्यक्ष संतोष गुप्ता द्वारा फीता काट कर ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मो नेजार, मो शाहिद, मो साजिद, अली, सलीम, अजीमुद्दीन, जमाल, आशिफ मौजूद थे।

## दुर्गा कसेरा को अपराधियों ने गोली मारी, घायल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के पुणडीदीरी गांव के खस्सी व्यापारी दुर्गा कसेरा को रविवार दिन के लगभग दस बजे अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। गोली लगने के बाद किसी तरह जान बचा कर भागे और जंगल के रास्ते 15 किलोमीटर तय कर तमाड़ थाना पहुंचे और मामला दर्ज किया। पुलिस ने तमाड़ अस्पताल में इलाज करा कर बेहतर इलाज के लिए डाक्टर ने रिम्स भेजा घटना तमाड़ थाना क्षेत्र के बाडर इलाके रायकेडा होनोलोहर में घटी। प्रत्यदर्शियों ने बताया दुर्गा कसेरा अपने साथी दिनेश कसेरा और भरत कसेरा के साथ कुचाई थाना क्षेत्र के दलभगा बाजार खस्सी खरीदने मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे।

## 26 दिन के काम के बदले देना होगा एक महीने का वेतन



खलारी (आजाद सिपाही)। असंगठित मजदूरों की बैठक रविवार को की गयी। अध्यक्षता अशोक सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आरसीएमएस एनके एरिया सचिव सह मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मजदूरों के समस्या पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि श्रम विभाग ने एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है मजदूरों को माह में चार दिन की छुट्टी देना अनिवार्य है। इस अवकाश का भी मजदूरी भुगतान करना होगा। इसके बदले में उनकी मजदूरी नहीं काटी जायेगी। महीने में 26 दिनों के कार्य के बदले श्रमिक को महीने भर की मजदूरी का भुगतान करना है। साथ ही साप्ताहिक अवकाश के दिन काम लिया गया तो मजदूर को दोगुनी हाजरी देनी होगी। अब्दुल्ला ने मजदूर हित में इस सराहनीय कार्य के लिए श्रम विभाग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मांग किया है कि एनके क्षेत्र में कार्य कर रहे मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड, मोनेट डेनियल कोल वाशरी, राइट्स, जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य सभी ट्रांसपोर्ट कंपनी इस नियम को लागू करें। कहा कि जल्द इस पर पहल नहीं हुआ तो सभी मजदूर हड़ताल पर चले जायेंगे। बैठक में संदीप कुमार, अफजल अंसारी, अमजद खान, रोहित राय, विकास कुमार, शिव तूरी, विजय कुमार, सुनील चौहान, जॉर्ज चौहान, धर्मेंद्र चौहान, राकेश कुमार, प्रमोद उपस्थित थे।

## महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में आरपीआइ ने मैकलुस्कीगंज में निकाला कैंडिल मार्च




मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। झारखंड में महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में आरपीआई के द्वारा मैकलुस्कीगंज में रविवार को कैंडल मार्च निकाला गया। रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के सदस्य और अन्य लोग मैकलुस्कीगंज स्टेशन के पास एकत्र हुए और वहां से जुलुश की शक्ल में हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। स्टेशन से धुर्वा मोड़ होते हुए मैकलुस्कीगंज थाना तक गये। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सांड लोहरा ने कहा कि झारखंड राज्य में महिलाओं एव नबालिक बच्चियों के साथ अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। खासकर झारखंड राज्य में महिलाओं और बच्चियों के साथ ज्यादा अत्याचार हो रहा है। इस कैंडल मार्च के माध्यम से सरकार और प्रशासन को यह कहना चाहते हैं कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगे इसके लिए कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। वही महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अनिता गंझु और प्रदेश महासचिव रंजना गिरी ने भी कहा कि झारखंड में आये दिन महिलाओं और बच्चियों के साथ अत्याचार हो रहा है जो चिंताजनक है। हम सभी महिलाओं को इसके खिलाफ एकजुट होकर जोरदार तरीके से इसका विरोध करना होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप यादव, रांची जिला अध्यक्ष बैजनाथ लोहरा, जिला संगठन सचिव पारस लोहरा, सुरेंद्र लोहरा जिला सचिव मोहित लोहरा, महिला मोर्चा जिला महासचिव सोनी करमाली, विशाल लोहरा, सोहराय लोहरा, ममता देवी, कविता देवी, आरती देवी, बसंती देवी, उपस्थित थे।

## भारत आदिवासी पार्टी का आदिवासी महासमागम



तमाड़ (आजाद सिपाही)। भारत आदिवासी पार्टी अमलेशा मैदान तमाड़ में आदिवासी महासमागम सोबरन मुंडा की अध्यक्षता में आयोजन की गयी। संचालन सिदाम मुंडा ने किया। आदिवासी महासमागम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा बबीता कच्छप, अजय कच्छप और कुंदर्शी मुंडा शामिल हुई। इस आदिवासी महासभागम में सैकड़ो कार्यकर्ता भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हुए। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के प्रेम शाही मुंडा ने तमाड़ की जनता को आह्वान करते हुए कहा कि आदिवासियों पर चारों तरफ से हमला हो रहा है। उसकी जल जंगल जमीन छीनी जा रही है और आरक्षण भी समाप्त किया जा रहा है। चुनाव में की तैयारी में लग जाएं और नहीं विकल्प के लिए तैयार रहें। मै भारत आदिवासी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप सिदाम मुंडा, राष्ट्रीय सदस्य बबीता कच्छप, महिला मोर्चा के अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा, मधुसूदन सिंह मुंडा, अनिल सिंह मुंडा महेश सिंह मुंडा, जमुना मुंडा, सुशीला मुंडा आदि शामिल हुए ।

## खूंटी में बच्चों को दी गयी पोलियो निरोधी खुराक



खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिले के विभिन्न बूथों में शून्य से पांच वर्ष तक के हजारों बच्चों को पोलियो निरोधी खुराक दी गयी। जिले में 25 से 27 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा सदर अस्पताल खूंटी में बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। मौके पर सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी सहित अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।
उल्लेखनीय है कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों समेत अन्य चिह्नित स्थानों पर बूथ का आयोजन किया गया। बूथ पर स्वास्थ्य कर्मियों, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका समेत अन्य ने योगदान दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि 26 और 27 अगस्त को स्वास्थ्य सहिया और सेविका द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप दिया जायेगा।

# कैलाशपति मिश्र की मूर्ति को लेकर विवाद, सरना समिति के लोगों ने किया हंगामा, सिटी एसपी ने समझाकर भेजा वापस


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के जगरनाथपुर थाना के बगल में चौक पर स्थापित भाजपा नेता स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को हटाने के लिए आदिवासी संगठन के कुछ लोगों ने भारी हंगामा किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सरना समिति के 60 से 70 कार्यकर्ता स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को तोड़ने के लिए पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। भाजपा के बड़े नेता रहे स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को हटाने के लिए र रविवार को बिरसा चौक के पास हंगामा हुआ। सरना समिति के अजय तिर्की ने कहा कि कैलाशपति मिश्र झारखंड विरोधी थे। उनका झारखंड आंदोलन में कोई योगदान नहीं था, इसके बावजूद शहर के बीचो-बीच उनकी प्रतिमा लगा दी गयी है। आदिवासी संगठन के लोग किसी भी तरह प्रतिमा को हटाने के लिए अड़े रहे।

वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, कई थाना के थाना प्रभारी सहित दर्जन भर पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा घेरा तैयार कर रखा था। इसकी वजह से समिति के लोग कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा तक नहीं पहुंच पाये। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 144 लगायी गयी थी। बताया कि भीड़ को समझा बूझकर वापस भेज दिया गया है।

## सूंड़ी संघ की परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह




अड़की (आजाद सिपाही)। पांच परगना सूंड़ी संघ की परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का रविवार को सिंदरी में आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश साहू, मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। संघ के नवनियुक्त पांच परगना सूंड़ी समाज के अध्यक्ष अनुप कुमार साहू को सम्मानित किया गया। इसमें, बंगाल, सिल्ली, अड़की, खुटी, रांची के अलावे अन्य जगहों से भी लोग आए समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये। समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। समाज के लोगों के दुःख तकलीफ में एक साथ मिलकर समस्या को दूर किया जायेगा। समारोह में प्रदीप कुमार साहू, सिद्धार्थ साहू, सदु साहू, दिलीप साहू, ब्रजेश साहू, सुरेंद्र साहू, रेखा देवी, मंजु देवी, संतोष कुमार साहू, जीतबाहन साहू के अलावे सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## अनगड़ा में आजसू के ग्राम और पंचायत प्रभारियों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** डाक बंगला में रविवार को आजसू के ग्राम एवं पंचायत प्रभारियों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सह नामकुम उपप्रमुख वीणा देवी के अलावा केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव मौजूद थे। इस अवसर पर वीणा देवी ने कहा कि वर्तमान सरकार विकास के नाम पर आदिवासियों से छल कर रही है। युवाओं को रोजगार का झूठा वादा कर ठगा गया। प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार चरम पर है मुखिया का काम वेंडर और टेंडर से चल रहा है। वहीं, पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजसू विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़े हैं। इन्हीं के बल पर चुनाव जीता जा सकता है। इस बार खिजरी विधानसभा की जनता बदलाव के मूड में हैं। संचालन धर्मेंद्र सिंह ने किया। मौके पर केंद्रीय सदस्य जितेंद्र सिंह, जलनाथ चौधरी, बीरेंद्र सिंह भोगता, रोशनलाल मुंडा, आतिश महतो, महाबीर महतो, किसुन महतो, बैजनाथ महतो, संजय महतो, सुनील करमाली, विष्णु महतो, आशाराम महतो, योगेंद्र महतो, मुनी देवी, शीला देवी, अनिता देवी, सविता देवी, बिनोद पाहन, दिलीप पाहन, करमी देवी, सोनू उराँव, अनिल मुंडा आदि थे।

## रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिरका पंचायत के ग्रामीणों ने रविवार को हुंडरू फॉल पक्की सड़क से सोनुवा बेड़ा तक अति जर्जर हो चुके सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। मुखिया रोशनलाल मुंडा के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क वर्षों से अति जर्जर अवस्था में है। सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। कई जगह तो सड़क का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। ऐसे में यह सड़क अब आवागमन के लायक नहीं रहा। यह सड़क सोनूवा बेड़ा फॉल को भी जोड़ती है। सड़क की बदतर स्थिति के कारण पर्यटक भी इस फॉल में आने से कतराने लगे हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि सड़क निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बावजूद आजतक इस दिशा में कोई कारवाई नहीं हुई। बताया गया कि तत्कालीन पर्यटन मंत्री अमर बाउरी भी एक कार्यक्रम में सोनुवा बेड़ा फॉल पहुंचे थे। उन्होंने क्षेत्र को विकसित करने की बात कही थी। ग्रामीणों ने चेताते हुए कहा कि यदि अविलंब इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो वे विधानसभा चुनाव में किसी को वोट नहीं देंगें। मौके पर श्याम महतो, रीता देवी, अजय नायक, मनक महतो, रंजू महतो, राजेश नायक, राथों देवी, कृष्णा महतो सहित आदि मौजूद थे।

## बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की खुराक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** पल्स पोलियों अभियान के तहत ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, सहित कई विद्यालयों में पोलियों बूथ बनाकर रविवार को 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाई गई। राजकीय कृत मध्य विद्यालय चकला, ओरमांझी स्थित पोलियो बूथ संख्या 137 में पूर्व ग्राम प्रधान सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने डेढ़ साल की बच्ची अलिसा परवीण को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस बूथ पर 5 साल तक के 172 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। वहीं अन्य बूथों पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रणधीर चौधरी, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमर नाथ चौधरी, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता आदि ने बच्चों को पोलियो खुराक पिलाया।

## प्रमुख ने सड़क का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिठीयों पंचायत के ग्राम सिठियों नीचे मोहल्ला में रविवार को नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने विजय लिंडा के घर से अख्तर अंसारी के घर तक फबेर ब्लॉक पथ के निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर पंसस शमीमा खातून, विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप, झामुमो प्रखंड सचीव मो. मोजाहिद हुसैन, वार्ड सदस्य जितेंद्र लिंडा, विजय लिंडा, जोसेफ एक्का, समीर लिंडा आदि थे।

## वज्रपात की चपेट में आकर महिला की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चिपरा में वज्रपात की चपेट में आकर 37 वर्षीय एक महिला की मौत हो गयी। उसकी पहचान गुड़िया मुंडा के रूप में हुई है। वह रांची के हटिया की रहने वाली है। शनिवार को वह रातू चिपरा अपने रिस्तेदार के घर आई थी। शाम छह बजे तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। खबर पाकर रातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिये रिम्स अस्पताल भेजा दिया।

## स्कूल में जनमाष्टमी का आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर कुदलुम में कक्षा अरुण से पंचम के विद्यार्थी राधा-कृष्ण का वेष धारण कर विद्यालय पहुंचे थे। इसके साथ ही विद्यालय में पाठ्यक्रम गतिविधियों में कक्षा 6 से 8 द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने जीवन में लीला करने से लेकर धर्म की रक्षा के लिए महाभारत के युद्ध तक में अपना किरदार निभाया है।

### नामकुम में असम के मुख्यमंत्री ने सुनी पीएम के मन की बात

# मुख्यमंत्री बतायें झारखंड में क्या-क्या काम किया: हिमंता बिस्वा सरमा

### मुझपर उंगली उठाने वाले झामुमो-कांग्रेस बतायें, मीर साहब क्यों झारखंड आते हैं

### झारखंड में भाजपा की सरकार बनी, तो बहनों-महिलाओं का होगा अत्यधिक विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के हुआगंहातू गांव में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को सैकड़ों ग्रामीणों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और लोगों से बातचीत की। इससे पहले आदिवासी पारंपरिक रीति रिवाज से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमने अपने आदिवासी भाइयों के साथ झारखंड में पीएम मोदी के मन की बातों को सुना। यह मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां के मुख्यमंत्री बार-बार कहते है कि काम किया है। अगर उन्होंने वास्तव में काम किया है तो उन्हें यह बताना चाहिए कि उन्होंने क्या-क्या काम किया है। उनके झारखंड आने पर कांग्रेस, झामुमो के नेता उंगली उठाते है। ऐसे लोगों को इस बात का जवाब देना चाहिए कि कांग्रेस नेता मीर साहब क्यों बार-बार झारखंड आते है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो हमारी बहनों और महिलाओं के लाभकरी योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। वहीं, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कार्यकर्ताओं से जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम के बाद उन्होंने हुआगंहातू पंचायत के बूथ 261 में चारों बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार की ओरर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने की बात कही। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता शंकर सिंह मुंडा के आवास पर जाकर भोजन किया। मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, भाजपा नेता रितेश उरांव, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, उमेश बड़ाईक, समीर राय, गोपाल चौधरी, गोरखनाथ सिंह, सुबोध सिंह टनटन, अनिरुद्ध पांडेय, अंजलि लकड़ा के साथ सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।



लोगों के साथ बैठकर पीएम के मन की बात सुनते असम के मुख्यमंत्री।

# प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम हम सभी के लिए सूचना का भंडार है : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हों।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रविवार को बीजूपाड़ा के स्मार्ट बैंक्वेट हॉल में स्वयं सहायता समूहों की दीदियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 113वीं कड़ी सुनी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम हम सभी के लिए सूचना का भंडार है, जिसमें वे नये समसामयिक विषयों को हम सभी के समक्ष रखते हैं। मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने भारत में स्पेस टेक्नोलॉजी, तिरंगा यात्रा, एक लाख युवाओं को पॉलिटिकल सिस्टम से जोड़ने के साथ-साथ श्री अन्न को लेकर चर्चा की। साथ ही उन्होंने आनेवाले सभी पर्व-त्योहारों की सभी देशवासियों को बधाई दी। वहीं सन्नी टोप्पो ने कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को झारखंड भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सोनी तबस्सुम ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, सोनी तबस्सुम, शफीक अंसारी, सतेंद्र प्रसाद, भाजपा नेता राम नारायण भगत, नीतू कुजूर,अमित सिंह, सुधाकर चौबे, अमित कुमार, तनवीर आलम, मो रिजवान, मो जियाउल हक, मनोज किस्पोट्टा, पटेल , अरविंद सिंह, विजय महतो, मुकेश सोनी, विजय सोनी, प्रदीप महली आदि मौजूद थे।



## समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वार्ड 47 अंतर्गत पाहन टोली की विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को पार्षद कविता सांगा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि साल 1942 में विश्व युद्ध के समय सैनिकों को अस्थायी रुप से रहने के लिए हमारे पूर्वजों ने यहां की कुछ जमीन दी थी। जिसके फलस्वरुप हमारे पूर्वजों को कुछ साल तक फसल क्षतिपूर्ण के रुप में भूगतान किया गया। द्वितीय युद्ध समाप्त होने के बाद सैनिक जमीन को छोड़कर चले गए, लेकिन इसके बावजूद भी वर्तमान सैनिक गैर कानूनी रुप से जमीन पर कब्जा कर बैठे है। जो हमलोंगों के पूर्वजों के नाम से खतियानी रैयत दर्ज है। गौरतबल है कि पाहन टोली, गुरु टोली और कुम्हार टोली से आने जाने के लिए मात्र एक ही रास्ता है, जो कच्चा व काफी जर्जर है। जिसे सेना ने मरम्मत कराने व बनाने पर रोक लगा दी है। वहीं, केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही इस समस्या पर निराकरण करने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व पार्षद किरण सांगा, बिरसा पाहन, सुनील मुंडा, बादल सांगा, आकाश सांगा, बसंत सांगा, आशा सांगा, जयराम ठाकुर, इतवारी सांगा, मोहित सांगा, दिलीप सांगा, शंकर सांगा के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।



### ओरमांझी के आनंदी गांव में केंद्रीय सरना समिति की बैठक

# राज्य सरकार आदिवासियों की परंपरा को बचाने में असमर्थ: बबलू मुंडा

आजाद सिपाही संवाददादा

**ओरमांझी।** केंद्रीय सरना समिति की ओर से ओरमांझी प्रखंड के आनंदी गांव के सरना स्थल में आदिवासी समाज में चेतना जगाने को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और संचालन संदीप पाहन ने किया है। बैठक में आनंदी के सात गांव के समाज के अगुवा, माता, बहने एवं ग्रामवासी उपस्थिति हुए। वक्ताओं ने मुख्य रूप से समाज के धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज एवं परंपराओं पर अपने विचार रखें। साथ ही समाज में जो बुराइयां है उन्हें दूर कर समाज का विकास करने की बात कही। इस अवस पर बबलू मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज की रीति रिवाज, धर्म-संस्कृति, परंपरा रुढीवादी प्रथा पर हो रहे चौतरफा हमला को रोकने के लिए समिति लगातार हर गांव टोला मौजा में विचार गोष्ठी आयोजित कर रही है। कहा कि राज्य सरकार भी आदिवासियों की परंपरागत रूढ़ि व्यवस्था को बचाने में असमर्थ है। सरकार राज्य में हो रहे अत्याचार, बलात्कार एवं आदिवासी माता-बहनों व अन्य की हत्याएं और भ्रष्टाचार को नजर अंदाज करते हुए सिर्फ अपना खजाना भरने में लगी है। वहीं, मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा दिखाए हुए रूढ़िवादी परंपरागत रीति रिवाज धर्म संस्कृति धार्मिक विधि विधान की राह पर चले। यदि हम इन राहों पर नहीं चलेंगे तो आने वाले दिनों में हम अपने वजूद व खुद समाप्त हो जाएंगे। बैठक का संचालन कर रहे ता संदीप पहान ने कहा कि समाज एकजूट होकर रहे। एक साथ रहे एवं हर समस्या का समाधान मिलजुल कर करें। वहीं, मौके पर मुख्य पाहन जगलाल पहान, महासचिव अशोक उरांव, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा, विश्वास उरांव, संजय मुंडा, जय किशोर मुंडा, राजदीप पहान , राजू मुंडा, राजेश पहान, शंकर मुंडा, आसाराम मुंडा, बलदेव मुंडा, मोहन मुंडा, राजू मुंडा, राहुल मुंडा, विनोद मुंडा, निर्मल मुंडा, रोहित मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, करण पहान, प्रेमनाथ मुंडा, महावीर मुंडा, चमन मुंडा, हरि पहान, राजू रंजन मुंडा, राजेश पहान, आधन मुंडा, मनोज पहान, सूरज मुंडा, रवि मुंडा, मुन्ना हेंब्रम, आशीष मुंडा, सरिता पहान, अंजलि कच्छप, संतोषी मुंडा, रीमा मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, राजेश पहान, सुरेंद्र पहान, राकेश मुंडा आदि उपस्थित थे।




## महत्वपूर्ण न्यूज

### सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को ज्ञापन सौंपा



**रातू (आजादसिपाही)।** सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं ने रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें सहारा इंडिया के अभिकर्ता एवं जमाकर्ताओं के लंबित भुगतान पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। ने भविष्य निधि में जमा रूपयों का शीघ्र भुगतान कराने की पहल करने की मांग की। ज्ञापन में इस दिशा में थाना को निर्देश देने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में त्रिलोक साहू, रोहित पाल गोप, अजय शर्मा, प्रभात रजक, मिथिलेश कुमार, राजेश साहू, शिव सहाय कुमार, ओमप्रकाश वर्मा, दिलु साहू ,जावेद अंसारी, विश्वनाथ उरांव आदि शामिल थे।

### रातू में 17816 बच्चों को दी गयी पोलियो की खुराक

**रातू (आजाद सिपाही)।** डीसी राहुल सिन्हा के निर्देश पर सीएचसी की ओर से तीन दिवसीय पोलियो अभियान की शुरूआत की गयी। पहले दिन रविवार को 258 बूथ और सात ट्रांजिट टीम ने 17,816 बच्चों को खुराक पिलाया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने बताया कि प्रखंड में 0 से 5 आयु वर्ग के 25 हजार 412 बच्चों को खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें 70 प्रतिशत को खुराक दे दी गयी है। शेष 30 प्रतिशत के लिये सोमवार और मंगलवार को डोर-टू -डोर अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों, खास कर पंचायत प्रतिनिधियों से इसे सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

### मुखिया ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के पंडरा गांव में 15वें वित्त से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया लक्ष्मी कोया ने किया। मुखिया ने कहा कि अपने पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में लगी हूं। समाज के हर क्षेत्र में हर तबके का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नाली का निर्माण करवाया जा रहा है। मौके पर पूर्व मुखिया सुनील कच्छप,राम गोप,लालदेव गोप,करमु गोप,शंकर,आशा देवी आदि थे।

### विद्यासाग स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो व मुरतो में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें बच्चे कृष्ण, राधा,ग्वाले एवं गोपियों के वेशभूषा में विद्यालय आए। यहां विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया एवं सीनियर छात्रों ने तीन स्तरीय मानव पिरामिड बनाकर 30 फीट ऊंचे मटकी को नारियल से फोड़ा। निदेशक ललन सिंह ने कहा कि विभिन्न पर्व त्योहार को व्यावहारिक रूप से विद्यालय में मना कर बच्चों को उनका महत्व बताया जाता है जिससे वो अपनी संस्कृति को समझें। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक सूरज वर्मा, रश्मि प्रजापति, रूपाली वर्मा, पंपा शर्मा, रीना,अनीता, राजश्री, स्वाति सालेन, नीति, अनिमा एवं सूचिता ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन बेड़ो शाखा की इंचार्ज मिस निशा वर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन मुरतो शाखा की प्रिंसिपल मिस सुषमा तिर्की ने किया।

### टांगी से युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फुटककटोली में एक युवक को टांगी से जानलेवा हमला कर घायल कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसका नाम फुटकलटोली निवासी अफरोज अंसारी (22) है। उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। हमले के बाद आनन-फानन में घायल युवक को परिजन रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के बाद युवक को रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। मामले को लेकर युवक का भाई रियाजुल अंसारी ने रातू थाने में पिर्रा निवासी समीर अंसारी, सरफराज अंसारी व कबुलन खातून के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पहले फुटकलटोली के समीर अंसारी व पिर्रा निवासी सरफराज अंसारी के बीच किसी बात को लेकर गाली- गलौज हुआ था। रविवार अपराह्न तीन बजे अफरोज अपनी स्कूटी से काठीटांड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पिर्रा पहुंचा एक युवक समीर ने उसे रोका और उस पर धारदार टांगी से उसके सिर पर ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। उसकी जेब में रखे 5 हजार रुपया भी निकाल लिये। हल्ला सुन आसपड़ोस के लोग वहां पहुंचे व घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। वहीं ग्रामीणों ने ही आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी की स्कूटी को जब्त कर थाना ले आयी है। पुलिस अन्य लोगो की तलाश कर रही है।

### जिप सदस्य ने किया झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद् सदस्य पूनम देवी व नगड़ी उप प्रमुख सह प्रखंड शिक्षा समिति की अध्यक्षा अफसाना प्रवीण ने झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां पढ़ने वाली छात्राओं ने विद्यालय की वार्डन वैशाली मिश्रा की शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें काफी प्रताड़ित किया जाता है। डरी सहमी छात्राओं ने बताया कि वार्डन द्वारा छात्राओं को डराया जाता है और सभी बातों को मानने के लिए विवश किया जाता है। वार्डन द्वारा प्रतिदिन छात्राओं से तेल मालिश कराया जाता है। वार्डन द्वारा हॉस्टल में रात में दुकान लगाया जाता है और वहीं से खरीदारी करने को विवश किया जाता है। खाने के लिए जो ब्रेड मिलता है अक्सर वह एक्सपायरी डेट वाली रहती है। वार्डन द्वारा हम सभी छात्राओं से 50-50 रुपया यह कह कर लिया गया कि मोबाइल फोन खरीदना है जिससे उनके अभिभावकों से बात करा सकेगी। छात्राओं ने पूनम देवी व अफसाना प्रवीण से आग्रह किया कि इसी तरह बीच-बीच में हाल-चाल जानने आया करें।

## कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर की दुष्कर्म-हत्या के विरोध में निकला कैंडल मार्च

# बेटियों को सुरक्षा दें: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के प्रतिवाद में रविवार को होटल ज्योतिलोक प्रांगण से प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व मेएक विशाल कैंडर मार्च निकाला गया, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए हीद चौक (कचहरी चौक) पहुंच कर समाप्त हुआ। कैंडल मार्च में ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज, एलिट कॉलेज और कुंवर पृथ्वी नाथ बीइडी कॉलेज की छात्राओं के अलावा मेडिकल स्टूडेंट्स, आनंद मोटर्स की महिला कर्मी एवं चेंबर के लोग बड़ी संक्या में शामिल हुए। इस दौरान आरजी कर कांड को लेकर छात्राओं में काफी आक्रोश देखा गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हम सभी को न्याय चाहिए, ताकि ऐसी घटना हमारी लाडली बेटियों के साथ दोबारा ना हो। हम अपने लाड़लियों को बड़ी-बड़ी संस्थाओं में पढ़ाई करने भेजते हैं, लेकिन वहां भी सरकार अगर सुरक्षा नहीं दे पाती है तो यह बड़े शर्म की बात है। आखिर हमारी लाडली बेटियां कहां सुरक्षित रहेगीं। इस मौके पर छात्रा साक्षी गुप्ता, नेहा रानी, श्रुति तिवारी, नेहा कार्तिक, अलका सिंह, शोभा कुमारी, रचनादीप, अंजली कुमारी, प्रिया पांडे, अनामिका कुमारी, सोनाली कुमारी, प्रगति, नंदन, आनंद मोटर्स की ओर से श्वेता सिंह, रुबीना कुमारी, स्वाती और पलामू चेंबर की ओर से कृष्ण अग्रवाल, राकेश सोनी, पुनीत सिंह, चंदू कमलापुरी, भूपेंद्र सिंह होरा आदि उपस्थित थे।



प्रथम महापौर अरुणा शंकर की अगुवाई में निकाले गये विशाल कैंडल मार्च में शामिल लोग।

## नर सेवा ही नारायण सेवा : मिशन समृद्धि

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जरूरतमंद लोगों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत मिशन समृद्धि संस्था अपने कार्यो से मेदिनीनगर शहर ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी अपनी पहचान बना चुकी है। समृद्धि की रोटी अभियान के लिए संस्था के सदस्यों का परिश्रम मानवता के लिए समर्पित है। यह संस्था पलामू के पारंपरिक हूनर को जिंदा रखने वाले एक वर्ग जो दोना-पत्तल बनाते हैं उनके लिए संवेदनशील हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी पत्तल अच्छा माना जाता है। इसे प्रोत्साहित करना भी हमारा धर्म है। इनकी आमदनी बिल्कुल ही कम है फिर भी ये बड़ी तन्मयता से अपने कार्य में लगे रहते हैं। मिशन समृद्धि संस्था इनके बीच रोटी ही नहीं कपड़े का भी वितरण करती है। संसाधन के अभाव में हम बहुत कुछ करने में सक्षम नहीं हैं फिर भी उनके बीच यथासंभव करने के लिए हमेशा तैयार होते हैं। अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। इस कार्य में ममता गुप्ता, आशा शर्मा, रंजीता, बैजंती गुप्ता, वीणा राज, शिल्पी गोस्वामी, बेबी पांडेय, शैलेंद्र कुमार आदि का सराहनीय योगदान हमेशा रहता है। संस्था की प्रबंधक अहिल्या गिरि ने उनके योगदान की सराहना भी की है।

## डीडीसी ने किया विभिन्न प्रखंडों का निरीक्षण

**अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से रविवार को भी खुले रहे प्रखंड कार्यालय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने व समय पर निष्पादित करने को लेकर डीसी शशि रंजन के निर्देश पर सभी प्रखंड कार्यालय रविवार को अवकाश के बावजूद खुले रहे। इस दौरान डीडीसी शब्बीर अहमद ने मेदिनीनगर सदर, नवाबाजार, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं विश्रामपुर सहित अन्य प्रखंडों का निरीक्षण कर कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित बीडीओ को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध योग्य लाभुकों का चयन व संबंधित लाभुकों का आधार/बैंक खाता सहित सभी आवश्यक विवरणी तैयार करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। डीडीसी ने विभिन्न ब्लॉक पहुंचकर सभी बीडीओ से कहा कि अबुआ आवास सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है ऐसे में इस योजना में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपने आवास समन्वयकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही।



## पंसस मंजू देवी के 120 वर्षीय ससुर का निधन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढक्का की पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी के ससुर और समाजसेवी रामबली पाल के 120 वर्षीय पिता चतुरगुण पाल का शनिवार की शाम निधन हो गई। उनके निधन पर राजद नेता कमलेश कुमार यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने रविवार को दाह संस्कार में भाग लेकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। राजद नेता कमलेश यादव ने कहा कि आज के दौर में 50 से 60 वर्ष होते ही लोग स्वर्गलोक पधार जा रहे हैं। बेटा और बेटी के सेवा से चतुर्गुण पाल जैसे बुजुर्ग बहुत ही कम हैं जो 120 वर्ष तक जी रहे हैं। इस मौके पर शिक्षक बबन पाल, श्रवण कुमार पाल, कृष्णा पाल, महावीर पाल, अभिषेक कुमार, राजकुमार सिंह, रमेश पाल, बच्चन राम, शिवलाल राम, विलाश राम, मंगल सिंह आदि ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## एसडीओ ने नवजात शिशुओं को दवा पिलाकर किया पोलियो मुक्त अभियान का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल में रविवार को एसडीओ पीयूष सिन्हा ने नवजात शिशुओं को दो बूंद दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। इस दौरान एसडीओ ने कोल्ड चेन सिस्टम का बारीकी से अनुश्रवण किया। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि रविववार से शुरू हो रहे पोलियो कार्यक्रम में 0 से 05 वर्ष तक के 59490 बच्चों को पोलियो की दो बून्द दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए 213 टीम के कुल 426 स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्य करेंगे। इसके अलावा 7 ट्रांजिट टीम और एक मोबाइल टीम भी कार्यरत रहेगी। इस कार्य के सुपरविजन के लिए 37 सुपरवाइजर नियुक्त किये गए हैं। इस संबंध में एसडीओ ने 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए सुपरवाइजर को निर्देशित किया। साथ ही झुग्गी-झोपड़ी, ब्रिक क्लीन, मलिन बस्ती पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया।



## अनियंत्रित ट्रक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, दो घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर अनियंत्रित ट्रक ने खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दिया। इस घटना में चालक और सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार की रात 12 बजे एनएच 139 बनसप्ती मोड़ के पास घटित हुई। ट्रक के टक्कर से दूसके ट्रक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ चालक एवं सह चालक केबिन में फंस गये थे। स्थानीय प्रशासन एवं आसपास के लोगों की तत्परता से क्रेन की मदद से दोनों को बाहर निकाल कर सीएचसी केंद्र भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया गया।

## पुलिस ने की छापामारी, 8 क्विंटल जावा महुआ व 50 लीटर शराब नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के भांवर गांव में महुआ शराब बनाने की सूचना पर रविवार को पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब भट्ठी पर छापामारी की गई। इस दौरान पुलिस ने आठ क्विंटल जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण और 50 लीटर निर्मित शराब जब्त किया। पत्थरा ओपी प्रभारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी की गई। सभी जब्त जावा महुआ, शराब और उपकरण को मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया है।

## ओबीसी समाज के साथ सभी सरकारों ने किया छल: ब्रह्मदेव

### कहा- ओबीसी समाज के आरक्षण को लेकर जारी रहेगी लड़ाई

**ओबीसी एकता अधिकार मंच की विश्रामपुर में हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच अति पिछड़ा वर्ग के लिए लगातार आंदोलनरत है। इसी क्रम में विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत नवाबाजार प्रखंड के रबदा ग्राम में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश की ओर से रविवार को विशाल जनसभा का आयोजन किया गया. जिसमें शामिल मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज के साथ लंबे समय से सभी सरकारों ने छल किया है। झारखंड में ओबीसी समाज से सिर्फ वोट बटोरा जाता हैं, लेकिन जब इन्हें अधिकार देने की बात आती है तो सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलाई जाती है। लेकिन अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने अधिकार के लिए हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। जनसंवाद कर अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुटता दिखाए। वहीं, केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी और पिंटू यादव ने भी ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद कर अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया। इस मौके पर सरयू प्रजापति, राजकुमार पाल, प्रदीप कुमार राम, देवेन्द्र यादव, गोल्डन प्रजापति आदि उपस्थित हुए। दूसरी ओर, नावाबाजार प्रखंड के ग्राम चेचनहा में भी एक जनसभा की गयी। जिसमें मंच के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी और पिंटू यादव ने ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद के जरिए अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया।

### आरक्षण को हमारी लड़ाई जारी रहेगी

वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद जी के साथ जुड़कर ओबीसी समाज को एकजुट करने का जो अभियान चलाया जा रहा है, उसमें लोगों से भागीदारी निभाने का आह्वान किया जा रहा है। ओबीसी समाज की आवाज बुलंद करने के लिए वे विधानसभा पटल पर रख सकेंगे। नेताओं ने कहा कि ओबीसी समाज के आरक्षण को लेकर हमारी लड़ाई जारी रहेगी, इसके लिए हमारे अध्यक्ष जी जान से जुटे हुए हैं। इसलिए उनका नारा है कि जो ओबीसी की बात करेगा वही सत्ता पर राज करेगा। सभा में रामराज, सुरेंद्र नारायण महतो, मकुन राम, विनय कुमार मेहता, महावीर कुमार आदि शामिल हुए।

## जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 9 विद्यालयों के 205 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का शुभारंभ एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, विभाग निरीक्षक नीरज लाल, संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष सत्येंद्र चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, राजेश सिंह, अजय गुप्ता, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, अखिलेश विश्वकर्मा, अरुण चौधरी, शिवबालक सिंह, राजवल्लभ शर्मा, जितेंद्र राम, जयंती सिंह, विंध्येश्वरी सिंह और जयंत कुमार ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम के संयोजक मेदिनीनगर के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। वहीं, प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होने से भैया-बहनों का मनोबल बढ़ता है एवं उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग प्राप्त होता है। विभाग निरीक्षक ने विद्यार्थियों को प्रश्न मंच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सराहना की। कहा कि अपने जीवन में विशिष्ट लक्ष्य लेकर आगे बढ़े और अपने समाज देश और राष्ट्र के लिए कार्य करें, क्योंकि आज के बच्चे ही भावी भारत के भविष्य हैं। प्रांतीय योजनानुसार संगणक, अंग्रेजी एवं संस्कृत विषय की प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई। सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को ट्राफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के लिये और सुनियोजित ढंग से तैयारी करने की सलाह दी। मंच संचालन हर्षदा उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सचिव राकेश तिवारी ने किया।



## ग्रामीणों के साथ नरेंद्र पांडेय ने सुनी पीएम के मन की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सामाजिक-सांस्कृतिक-भौगोलिक विविधता से समृद्ध भारत के कण-कण और जन-जन की उपलब्धियों-आकांक्षाओं की सूक्ष्मता से चर्चा हर बार एक अलग अनुभूति, सोचने-देखने का एक अलग नजरिया दे जाती है। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह प्रेरणादायक और विचारशील रहा, जिसने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की है। उक्त बातें नरेंद्र पांडेय ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को ग्रामीणों के सात सुनने के बाद कही। बताया कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प से 21वीं सदी के भारत में विकसित भारत की सुदृढ़ नींव का निर्माण हो रहा है। इस 23 अगस्त को पूरे देश ने पहला अंतरिक्ष दिवस मनाया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया, यही तो है 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत' का सपना है जो भाजपा का मुख्य संकल्प है। 'पोषण भी पढ़ाई भी' इस अभियान से बच्चों के संतुलित विकास पर फोकस किया गया है। हम सबको भी अपने क्षेत्र में पोषण के प्रति जागरूकता वाले अभियान से जरूर जुड़ना चाहिए। वहीं, मन की बात सुनने आए ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।



## स्पोर्ट्स




बांग्लादेश ने अपने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार रविवार को पाकिस्तान को 10 विकेट से हराकर दो टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला जीत लिया है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 23 साल बाद टेस्ट में हराया, रावलपिंडी में 10 विकेट से जीता

एजेंसी

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार मात दी। बांग्लादेशी टीम ने रावलपिंडी में दो टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में 10 विकेट की जीत हासिल की। इससे पहले दोनों टीमों का आमना-सामना 14 बार हुआ है, इनमें से 12 बार पाकिस्तान ने जीत दर्ज की है, जबकि एक ड्रॉ रहा और एक मैच रद्द हो गया था। दोनों टीमों ने साल 2001 में पहली बार टेस्ट खेला था। रविवार को पाकिस्तान ने 23/1 से अपनी दूसरी पारी को आगे बढ़ाया और 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह बांग्लादेश को जीत के लिए 30 रन का लक्ष्य मिला, जिसे बांग्लादेशी ओपनर्स ने आसानी से हासिल कर लिया। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 51 रन की पारी खेली। जबकि ओपनर अब्दुल्लाह शफीक 37 और बाबर आजम 22 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 4 विकेट लिए। वहीं शाकिब अल हसन को 3 विकेट मिले। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 565 रन पर ऑलआउट हो गई। जबकि पाकिस्तान ने 448/6 के स्कोर पर पहली पारी घोषित की थी।




**कोच पर भड़के पाकिस्तानी कप्तान :** पकिस्तान-बांग्लादेश मैच के तीसरे दिन पाकिस्तानी कप्तान शान मसूद ड्रेसिंग रूम में अपना आपा खोते हुए नजर आए। इस दौरान उनकी टीम के नए हेड कोच जेसन गिलेस्पी से बहस भी हुई। इसके पीछे की वजह बाबर आजम को बताया जा रहा है। पाकिस्तान के पास बांग्लादेश को पहली पारी में जल्दी ऑलआउट करने का मौका था, लेकिन खराब फील्डिंग की वजह से बांग्लादेश के पुछल्ले बल्लेबाजों ने रन बनाए। इसी को लेकर शान मसूद कोच से बात करते दिखे।

**शाकिब को आया गुस्सा, बैटर की ओर बॉल फेंकी:** पाकिस्तान टीम की दूसरी पारी के 33वें ओवर के दौरान शाकिब बॉलिंग कर रहे थे। यहां शाकिब इस ओवर की दूसरी गेंद फेंकने के लिए जब अपना रनअप पूरा कर-के आए तो रिजवान उसे खेलने के लिए तैयार नहीं थे। बांग्लादेश के अनुभवी गेंदबाज को इसका पता बिल्कुल आखिरी समय में चला। रिजवान की हरकत से शाकिब को गुस्सा आया और उन्होंने रुक कर गेंद को विकेटकीपर लिटन दास की तरफ थ्रो किया। शाकिब की ये हरकत ऑन फील्ड अंपायर रिचर्ड कैटलबरो को बिल्कुल भी पसंद नहीं आई और उन्होंने इशारों में उनसे पूछा भी कि यह क्या था। यहां अंपायर ने शाकिब को चेतावनी भी दी। शाकिब को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने अंपायर से अपनी हरकत के लिए माफी भी मांगी।

### पाकिस्तान दूसरी पारी में 146 रन पर सिमटी

मैच के आखिरी दिन पाकिस्तान ने 23/1 से अपनी दूसरी पारी को आगे बढ़ाया और 146 रन पर ऑलआउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 51 रन की पारी खेली। जबकि ओपनर अब्दुल्लाह शफीक 37 और बाबर आजम 22 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 4 विकेट लिए। वहीं शाकिब अल हसन को 3 विकेट मिले।

## ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया दादी प्रकाशमणि का स्मृति दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** डॉ दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति को रविवार को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। जपला के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में कार्यक्रम की शुरूआत पुष्प अर्पण से हुई। वहीं मौजूद सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान में दादी प्रकाशमणि जी का नाम बड़े ही गौरव से लिया जाता है। रविवार 25 अगस्त का दिन इस संस्थान के सभी सदस्यों के लिए दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस मनाने का दिन है । 25 अगस्त 2007 को दादी प्रकाशमणि जी ने अपना पुराना देह का त्याग किया और खुद को फरिश्ता स्वरूप स्थिति में स्थित किया। दादी प्रकाशमणि जी एक ऐसी महान विभूति है, जिन्होंने विश्व कल्याण के ईश्वरीय कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई है। मातेश्वरी जगतअंबा के बाद दादी प्रकाशमणि जी ने ही संस्थान के कार्यभार को संभाला है। दादी जी के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व ने ही संस्थान को ऊंचे शिखर तक पहुंचाया है। मौके पर बीके नीरज, बीके धीरज, बीके मनोज भगत, रेखा बहन, वंदना बहन, राम नरेश यादव, धर्मेंद्र, कृष्ण प्रसाद, आनंद किशोर, डॉक्टर गया, डॉ मलय, कुसुम माता और शोभा देवी आदि उपस्थित थे।



# एना फायर परियोजना में ट्रांसपोर्टिंग को लेकर आपस में भिड़े जश्रसं के दो गुट

## रणक्षेत्र में तब्दील हुआ कोल डंप, दोनों ओर से जमकर चले लात-घूंसे

आजाद सिपाही संवाददाता



एना फायर परियोजना में हंगामे के बाद पसरा सन्नाटा व खड़ा वाहन।

**धनसार।** बोरागढ़ ओपी अंतर्गत एना फायर परियोजना में ट्रांसपोर्टिंग को लेकर रविवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के नेता आपस में ही भिड़ गए। देखते ही देखते पूरा कोल डंप रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस दौरान दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले। बाद में वरीय नेता के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक जश्रसं के शाखा सचिव मनोज राम ने जामाडोबा टाटा चलने वाली ट्रांसपोर्टिंग गाड़ी को खड़ा कर दिया। इसी बात को लेकर जश्रसं के ही दूसरे नेता विपिन मंडल ने वहां ट्रक को खड़ा करने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसी बीच ऐना शाखा अध्यक्ष अमर सिंह वहां पहुंचकर कथित रूप से विपिन मंडल के साथ मारपीट करने लगे। देखते ही देखते पूरा डंप रणक्षेत्र बन गया। बताते चलें कि एना में आका ट्रांसपोर्ट कंपनी का लिफ्टिंग का कार्य अमर सिंह के लोग देखते हैं। वहीं दूसरी तरफ टाटा ट्रांसपोर्ट कंपनी का कार्य विपिन मंडल व उसके सहयोगी देखते हैं। दोनों में अधिक गाड़ी का ट्रिप लगाने को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। उधर, विपिन मंडल का आरोप है कि जश्रसं में वे कई वर्षों से जुड़े है। एना में उनका घर है। वे यहां के स्थानीय हैं। जबकि मनोज राम केंदुआ से आकर आउटसोर्सिंग में नेतागिरी करते हैं जिसे वे लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, जश्रसं के नेता अमर सिंह ने बताया कि हमसे किसी से भी किसी का झगड़ा नहीं हुआ है। थोड़ी बहुत झड़प ट्रांसपोर्टिंग कर्मी में हुई थी जिसे दूर कर लिया गया।

# शारीरिक स्वस्थता एवं खेल के महत्व के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी: विकास





साइक्लोथोन 4.0 में शामिल प्रतिभागी।

### मायूमं कोयलांचल शाखा ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया साइक्लोथोन 4.0 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवाओं में खेल के महत्व और शारीरिक स्वस्थता के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के आह्वान पर मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल के तत्वाधान में रविवार को साइक्लोथोन 4.0 (साइकिल रैली) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में झारखंड प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल और प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी को शाखा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद साइकिल रैली को धनबाद के धनसार चौक से सुबह सात बजे झारखंड प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल के हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जेपी चौक, बैंक मोड से होते हुए धनसार चौक पर पहुंच कर समाप्त हुआ। साइकिल रैली में मारवाड़ी युवा मंच, झारखंड प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल, प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी, धनबाद कोयलांचल शाखा के सदस्य और स्थानीय स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षिता बलासिया, अंकित शंघई, झारखंड प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल, शाखा उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव सुनीता अग्रवाल, शीतल बलासिया, आदर्श गोयनका, प्रिंस कथूरिया, हेमंत शर्मा, शुभम तायल, पीयूष चौधरी, राहुल कथूरिया आदि का विशेष योगदान रहा।

# कांग्रेस में शामिल हुए रोहित यादव का कतरास में जगह-जगह स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** राजद थोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए रोहित यादव का रविवार को कतरास पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया। नदी किनारे से लेकर भटमुरना मोड़ तक जमकर आतिशबाजी की गई। वहीं, थाना चौक, मस्जिद मोड़, छाताबाद, भटमुरना मोड, सोनारडीह आदि जगहों पर उनके समर्थक व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोहित यादव ने कहा कि राहुल गांधी केंद्र की भाजपा सरकार के जन विरोधी कार्यो के खिलाफ मुखर होकर जन आंदोलन कर रहे हैं। इसी से प्रेरित होकर राजद छोड़तक कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। बाघमारा की उन्नति, विकास और बेरोजगारी दूर करने के लिए की कोशिश करूंगा। पार्टी का जो भी आदेश होगा उसका पालन होगा। इस मौके पर परदेशी यादव, पप्पू दुबे, सोनू शर्मा, रामवचन पासवान, राजू सिंह, परेश दासौंधी, प्रकाश यादव, सोनू शर्मा, मिराज, मो रिंकू, विकास, विक्रांत, विनय, अनुराग, वीरु आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

# मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन, चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** चास के जोधाडीह मोड स्थित संकट मोचन मंदिर से विगत दिनों हुई चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए आरोपित चोर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान संजू सरकार के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के ही चास थानांतर्गत बेंदीटांड का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी गये गणेश जी का चांदी का मुकुट, पीतल का बर्तन, मोबाईल फोन, पीतल का सिरगी आदि बरामद कर लिया है। इसके साथ ही आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बतातें चलें कि अंजनी पांडेय नामक व्यक्ति ने बीते दिनों लिखित आवेदन देकर बताया था कि संकट मोचन मंदिर से गणेश जी की चांदी का मुकुट, मोबाईल फोन, पीतल का बर्तन और नगद पांच हजार रुपए की चोरी हो गयी है। इस बाबत उसमे थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। वहीं, छापामारी दल में चास के थाना प्रसारी खुर्शीद आलम, पुअनि सुमिता सिंह, पुअनि शर्मा भगत, किशोर कुमार, संजय पांडेय और रवि शेखर शामिल थे।

# जरीडीह प्रखंड स्तरीय कांग्रेस की बैठक में बेरमो विस चुनाव प्रचार को लेकर समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड कांग्रेस की बैठक रविवार को तेतरियाडीह स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जरीडीह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल ने किया। इस अवसर पर जरीडीह प्रखंड प्रभारी उत्तम सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव शीघ्र ही होंने वाला है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। इसकी जानकारी सीधे कार्यालय को दें। सितंबर के प्रथम सप्ताह में जरीडीह प्रखंड कांग्रेस का सम्मेलन होना है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के अलावा अनुपमा सिंह भी शामिल होंगीं। वहीं विधायक के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना को लेकर कार्यकर्ता घर-घर जाकर अधिक से अधिक महिलाओं को इसका लाभ पहुंचाने का काम करें। इस मौके पर सचिव अविनाश माधव, हाजी सलीम अंसारी, राजेश कुमार सिंह, आयूष कुमार, रितेश कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार महली, बलराम तिवारी, महिला नेत्री मंजू देवी, वकील अंसारी, देव कुमार भगत, मनोज दास, मुरलीधर साव, विजय सिंह, अकबर अंसारी, अयूब अंसारी व छोटू महतो आदि उपस्थित थे।

# दामोदर नदी के तेज बहाव में युवक बहा, तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** सुदामडीह थाना क्षेत्र में रविवार की शाम पांच बजे मोहलबनी दामोदार नदी स्थित मुक्ति धाम के समीप खास झरिया चौथाई कुली तिवारी मंदिर के समीप रहने वाले तनू यादव नदी के तेज धार में बह गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। अब उसकी तलाश सोमवार को की जायेगा। वहीं दामोदर नदी में युवक के डूबने की जानकारी मिलते ही बडी संख्या में आसपास के लोग दामोदर नदी पहुंच गए। खबर पाते ही सुदामडीह पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। वहीं, तनु यादव के साथ आए उसके दो दोस्तों को पुलिस थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। जबकि तनु के घर वाले उसके दोनों दोस्तो पर जानबूझ कर तनु को दामोदर में डूबने के लिए छोड़ देने का आरोप लगा रहे हैं

# पोलियो मुक्त देश बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी : अनिल अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित पोलियो केंद्र संख्या 38 में 0 से 5 वर्ष के नौनिहालों को दो बूंद पोलियो की खुराक पीलाकर झामुमो नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पोलियो की दवा पांच साल तक के बच्चों को अवश्य पिलाए, तभी शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। झारखंड ही नहीं पूरे देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है। मौके पर बबीता देवी आदि उपस्थित थीं।

# सिंदरी फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन में हुई बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी फर्टिलाइजर कार्पोरेशन के विएसएस इम्प्लाइज संगठन की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता संगटन के अध्यक्ष सर्वजीत सिंह और संचालन महासचिव एसडी चटराज ने की। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मुख्य मांगों में पेंशन में बढ़ोतरी, 1987 से लंबित वेतनमान की समीक्षा, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार, स्थायी लीज की व्यवस्था और सभी कर्मचारियों के लिए राशन कार्ड की उपलब्धता को प्रमुखता से उठाया। इन मुद्दों को प्रधानमंत्री, उर्वरक रसायन मंत्री और अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश करने की अपील की गई। इसके अलावा, संगठन ने सांसद ढुल्लू महतो से बुजुर्ग और असहाय कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सहयोग की भी मांग की। इस मौके पर राजकिशोर सिंह, राम अनुप प्रसाद सिंह, राम नाथ ठाकुर, सुधाकर प्रसाद सिंह, काली दमन महतो और विरेंद्र प्रसाद सिन्हा आदि मौजूद थे।

# बोकारो परिसदन में बांका के एसएलसी का भव्य स्वागत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एमएलसी बांका बिहार सह झारखंड के सह प्रभारी व कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रविवार को बोकारो परिसदन पहुंचे। जहां जदयू के प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह, बोकारो ज़िला अध्यक्ष प्रदीप महतो, उपाध्यक्ष राजा पांडेय, शशीभूषण, महासचिव सुधीर कुमार, प्रदेश युवा महासचिव चंद्रभूषण सिंह, कार्यकारी सदस्यत कृष्ण सिंह आदि ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर चंडी कुमार प्रजापति, सच्चिदानंद शर्मा, संजय कुमार सिंह, महेश कुमार, विजय सिंह तोमर, श्यामबिहारी राय, राजन यादव, सुमित यादव, युवा जदयू धनबाद के नगर अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# नैनाटाड़ में सामुदायिक शौचालय व डीप बोरिंग का हुआ शिलान्यास

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया के साड़म पूर्वी पंचायत के नैनाटाड़ में सामुदायिक शौचालय व सौर चलित डीप बोरिंग का शिलान्यास गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बलराम मुखी ने किया। उक्त योजना के निर्माण कार्य को बोकारो ओएनजीसी के सीएसआर मद से पूरा किया जाएगा। शिलान्यास स्वयंसेवी संस्था सर्वोदय महिला विकास केंद्र के तत्वाधान में किया गया। उक्त निर्णय कार्य से आयुष आरोग्य मंदिर नैनाटाड़ में इलाज, टिकाकरण, जांच आदि के लिए आने वाले ग्रामीणों, स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया दीदी को सुविधा होगी। गोमिया विधायक, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन के बाद नारियल फोड़ा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विगत कई वर्षो से इस आयुषमान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक शौचालय और पेयजल कि व्यस्था नहीं होने से ग्रामीण लाभार्थियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खास तौर से उन्हें जो यहां अपना इलाज के लिए आते है। अब किसी भी कार्यक्रम के आयोजन में पेयजल व शौचालय संबधित समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। शिलान्यास आज हो गया कल से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि ओएनजीसी बोकारो के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद के तहत अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत अनेक सराहनीय कार्य करा रही है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुनिल यादव, नेपाली सिंह, उषा सिंह, रिंकी सिंह, मोनी कुमारी, शैलेन्द्र कुमार, सरोज कुमार, पिंकी देवी, बेबी देवी, राधा रानी, रमेश रविदास, मुकेश रविदास, दुर्गा रविदास, संस्था के सचिव अंजलि कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

# संगीता तिवारी महिला कांग्रेस में किसी भी पद पर नहीं हैं: अजंता

## कहा : संगीता का निष्कासन आज भी बरकरार है

### पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते वर्षों पहले निकाली गयी थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** बोकारो महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अजंता कुमारी समद ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस एक मजबूत व सुसंगठित पार्टी है। इसमें कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने बताया कि संगीता तिवारी को कुछ वर्ष पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित किया गया था। जो आज भी बरकरार है। इसके बावजूद जिला व प्रदेश के पदाधिकारियों की जानकारी व उपस्थिति के बगैर राष्ट्रीय पर्वेक्षक महिला कांग्रेस को बरगलाते हुए कुद को पदाधिकारी घोषित कर प्रेस कांफ्रेंस करवाने साथ ही कुछ ऐसे शब्दों का उपयोग किया गया है जिसका खंडन करती हूं। उनके इस कार्यक्रम के कारण राष्ट्रीय पदाधिकारी के निर्णय से बोकारो जिला के राष्ट्रीय पर्वेक्षक को भी बदल दिया गया है। जल्द ही आगामी चुनाव के लिए नये पर्वेक्षक का आगमन होगा।

# 30 वर्षो से जलापूर्ति की समस्या झेल रहे खास गोविंदपुर में सांसद प्रतिनिधि ने लगवाया नल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** भंडारीडीह के खास गोविंदपुर में पिछले 30 वर्षों से गंभीर जलापूर्ति की समस्या से त्रस्त स्थानीय लोगों की समस्याओं को देखते हुए धनबाद सांसद प्रतिनिधि शरद महतो ने अपने निजी मद से झमाड़ा का पाइप बिछवाकर और उसमें नल लगवाकर जलापूर्ति बहाल कराया। रविवार को जिसका विधि विधान के साथ उद्घाटन किया। इस दौरान लोगों ने शरद महतो को फूलों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं, सांसद प्रतिनिधि कहा कि इतने वर्षो से यहां के लोग गंभीर जलापूर्ति की समस्या झेल रहे थे। पढ़ने लिखने वाले बच्चों के हाथों में किताब कॉपी के बजाय साईकल और गैलन देखने को मिलता था. यह देखकर बहुत दुख होता है। उन्हीं समस्याओं को दूर करने को पेय जलापूर्ति सुचारू करवाया। इस मौके पर कतरास भाजपा मंडल के अध्यक्ष सूर्य देव मिश्रा, मनोज लाला, छोटू पासवान, बबलू बनर्जी, महेश खटीक, शक्ति यादव, कृष्णा भुइयां, लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, रेखा देवी, गीता देवी आदि उपस्थित थीं।

# चक्रवर्ती नर्सिंग होम में लगा नि:शुल्क जांच शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनसार चक्रवर्ती नर्सिंग होम में बच्चों के जन्मजात कटे होठ एवं तालू को लेकर रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का आयोजन डॉ डी चक्रवर्ती व उनकी पत्नी मानसी चक्रवर्ती की ओरर से किया गया। इसमें डॉ नरेश प्रसाद व लायंस क्लब के सदस्य राठी, प्रकाश बंसल, दिलीप सुभुकी का सराहनीय सहयोग रहा। इस जांच शिविर में कटे होठ व तालू के मरीजों की जांच (जीएस मेमोरियल वाराणसी) के प्रसिद्ध डॉ सुबोध कुमार सिंह (कॉस्मेटिक, प्लास्टिक, हैंड, एवं माइक्रो सर्जन) द्वारा किया गया। साथ ही सहयोगी डॉ शिवांगी, डॉ अश्वति कृष्णन, सहयोगी टीम पंकज सिंह, अमित कुमार, निसार और गीतांशु आदि ने सेवा प्रदान किया। इस जांच शिविर में कुल 200 पुराने एवं 50 नए मरीजों का परीक्षण व पंजीयन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अस्पताल के प्रबंधक देवाशीश चटर्जी के अलावा अस्पताल के सभी महिला पुरुष कर्मचारियों का सहयोग रहा।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## तीन युवक गिरफ्तार हथियार बरामद

रांची (आजाद सिपाही)। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के करम चौक के पास गोलीबारी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए अंकुश चौबे, अविनाश चौबे और अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी पिस्टल और दो गोली बरामद की गयी है।

# जिंदल स्टील एंड पावर को मिला सीएसआर टाइम्स अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता





जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल और सीएसआर टाइम्स पुरस्कार।

**भुवनेश्वर।** अग्रणी इस्पात निर्माता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के लिए मान्यता दी गयी है, जिसने दो अलग-अलग श्रेणियों में सीएसआर टाइम्स पुरस्कार जीता है। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) श्री प्रशांत होता को पुरस्कार प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में गोवा सीएसआर अथॉरिटी के मुख्य सलाहकार डॉ. गुरुराज, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के पूर्व महानिदेशक। सीएसआर टाइम्स के संपादक भास्कर चटर्जी और विभिन्न कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह पुरस्कार विभिन्न स्थायी आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों और लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से कमजोर लोगों के बीच भूख उन्मूलन के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण में जेएसपी के असाधारण योगदान को मान्यता देता है। स्टील निर्माता अपनी सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम से विभिन्न एकीकृत सामाजिक विकास कार्यक्रम चला रहा है, जो सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस उपलब्धि के बारे में, जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन और पूर्व में सीएसआर टाइम्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्तकर्ता शालू जिंदल ने कहा कि दो श्रेणियों में सीएसआर टाइम्स अवार्ड प्राप्त करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह पुरस्कार आजीविका विकास कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। जेएसपी में, हम मानते हैं कि आजीविका कमाना एक मौलिक अधिकार है, और हम समाज में आजीविका की असमानता को खत्म करने के लिए काम करते हैं। जेएसपी जन जीविका केंद्र, ढोकरा कला, टेराकोटा, एसएचजी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण आदि जैसे विभिन्न आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में समर्पित रूप से काम कर रही है।

कुरुक्षेत्र लोकसभा से तीसरी बार सांसद बने श्री नवीन जिंदल के भूख मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती. शल्लू जिंदल देश के दलित और वंचित वर्गों के लिए मिशन जीरो हंगर को लागू कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए, श्री होता, ग्रुप हेड, सीएसआर, जेएसपी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम 'सतत विकास लक्ष्यों' के साथ कैसे जुड़े हुए हैं। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों के लिए कार्रवाई और मूल्यांकन मेट्रिक्स पर भी चर्चा की। जेएसपी को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई संस्थानों द्वारा सम्मानित किया गया है और इसने खुद को एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है।

# सांसद विजय हांसदा की पत्नी के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे हेमंत और कल्पना सोरेन






● साहिबगंज और पाकुड़ के हजारों कार्यकर्ता श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल से झामुमो सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीना हेंब्रम के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को बरहरवा स्थित उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने अंतिम दाह संस्कार में शिरकत की। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, विधायक बसंत सोरेन, सांसद नलिन सोरेन ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही दुखदाई घटना है। ऐसा वक्त है कि कुछ कहा नहीं जा सकता है। इतनी कम उम्र में कैथरीना का निधन होना परिवार और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर करीब 4:00 बजे यहां से रांची के लिए रवाना हो गये। श्रद्धांजलि सभा में पाकुड़, साहिबगंज जिले के हजारों पार्टी कार्यकर्ता के साथ-साथ साहिबगंज के जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, एमटी राजा, पाकुड़ जिला अध्यक्ष श्याम यादव, पाकुड़ जिला संगठन प्रभारी अजीजुल इस्लाम, पाकुड़ जिला उपाध्यक्ष समद अली सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष, अम्लान कुसुम, चंदन तिवारी, टमटम एवं प्रमुख पार्टी कार्यकर्ता इशाक अंसारी, मो तनवीर, मुकेश सिंह, प्रकाश सिंह, संजीत भगत, सुशील भगत, संतोष भगत, प्रेम रजक, करनेलियास हेंब्रम, हरिवंश चौबे, छोटू भगत मौजूद थे। इसके अलावा जिला परिषद अध्यक्ष जुली हेंब्रम, महेशपुर विधायक की पुत्री पिंकी मरांडी ने भी श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि विजय हांसदा की पत्नी कैथरीना हेंब्रम कई महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं और उनका इलाज एम्स दिल्ली में चल रहा था। बीते शुक्रवार की रात उनका निधन एम्स में हो गया। निधन होने के पश्चात उनकी डेड बॉडी को फ्लाइट से कोलकाता लाया गया। कोलकाता से सड़क मार्ग से बरहरवा स्थित काली तला आवास पर लाया गया। यहां ईसाई रीति रिवाज के अनुसार प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के आयोजन के पश्चात पेट्रोल पंप के समीप उन्हें दफनाया गया। इस मौके पर परिवार, सगे संबंधी के साथ ही सैकड़ों लोग मौजूद थे। साथ में श्रद्धांजलि सभा में प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल, साहिबगंज और पाकुड़ के डीसी एसपी सहित तमाम पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्लस-3 के छात्रों को दूसरे चरण में फिर से मिलेगा मौका: उच्च शिक्षा मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में प्लस-3 द्वितीय चरण की आवेदन प्रक्रिया को लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिन छात्रों ने पहले चरण में भाग लिया है और पहले ही प्लस-3 पाठ्यक्रम में दाखिला ले लिया है, वे प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण में भी भाग ले सकते हैं।

श्री सूरज ने कहा कि प्लस-3 दूसरे चरण का रजिस्ट्रेशन पिछले 12 अगस्त से शुरू हो चुका है और यह प्रक्रिया अगले 26 अगस्त तक जारी रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इससे संबंधित गाइडलाइन जारी की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि जो छात्र पहले चरण में नामांकन करा चुके हैं, वे दूसरे चरण में भाग नहीं ले सकते। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कॉमन प्रॉस्पेक्टस-2024-25 के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत से सभी छात्रों को यह जानकारी भी दी गयी थी।

लेकिन जब आवेदन का दूसरा दौर शुरू हुआ, तो कई छात्रों और अभिभावकों ने उच्च शिक्षा विभाग से दिशानिर्देशों में संशोधन करने और पहले दौर में आवेदन कर चुके छात्रों को अपने पसंदीदा कॉलेजों और पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए एक और मौका देने का अनुरोध किया। इस संबंध में चर्चा के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग ने अपना निर्णय बदलते हुए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। निर्णय लिया गया है कि जो छात्र पहले चरण में आवेदन करा चुके हैं, वे दूसरे चरण में दोबारा आवेदन कर सकते हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में यह संशोधन कई छात्रों को एक नया अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, "हमारे छात्र हमारे राज्य और देश का भविष्य हैं।" उसके सुनहरे भविष्य के निर्माण में शिक्षा की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे आशा और विश्वास है कि आज के निर्णय से विद्यार्थियों को लाभ होगा। आज के फैसले के बाद छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर देखी गयी है। अनेक विद्यार्थियों ने आज उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया।

# कपिलास में चलाया गया स्वच्छता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल टाटा स्टील कॉर्पोरेशन (टीएसएम) ढेंकानाल जिला प्रशासन, वन विभाग ने ढेंकानाल जिले के कपिलास क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया है।

रविवार को आयोजित इस स्वच्छता कार्यक्रम में टीएसएम के कर्मचारी और ढेंकानाल बन खंड के कर्मचारियों सहित लगभग 2000 स्वयंसेवक शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन टीएसएम द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर किया गया था। इस स्वच्छता कार्यक्रम में ढेंकानाल बन खंड अधिकारी सुमित कुमार कर मुख्य अतिथि थे, जबकि टीएसएम के कॉर्पोरेट सर्विसेज के प्रमुख मोहित दास ने अभियान का नेतृत्व किया। स्वयंसेवकों ने कपिलास मुख्य द्वार से मंदिर तक लंबी सड़क से लगभग 5 टन अपशिष्ट प्लास्टिक और अन्य कचरा साफ किया गया। अगले भविष्य के समाजों के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक उदाहरण स्थापित किया। इस सफाई अभियान में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए ढेंकानाल डीएफओ सुमित कर ने कहा कि कपिलस की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है।

श्री कर ने कहा कि टाटा स्टील मेरामंडली, जिला प्रशासन और ढेंकानाल बन खंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह अभियान स्वच्छता का एक उदाहरण है और भविष्य में कई लोगों को प्रेरित करेगा।

# केस करने के लिए सोरेन राजघराने के एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत का आभार : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 23 अगस्त को आयोजित युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर हुई एफआइआर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि सूचना मिली है कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली की सफलता से तिलमिला कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझ पर और भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित हजारों युवा साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। इस एफआइआर के लिए सोरेन राजघराने के एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन और उनकी 2020 खतियानधारी दलाल-बिचौलिया मित्र मंडली का आभार।

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन ये केस-मुकदमे हमारे लिए पारितोषिक के समान हैं, जितना जोर लगाना है, लगा लीजिए, जितने केस मुकदमे दर्ज करने हैं, कर दीजिए। भाजपा युवाओं की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक और आंदोलन की रणभूमि से लेकर कोर्ट कचहरी तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। वैसे राजनीतिक विरोधियों पर मुकदमा दर्ज करने का दुरूपयोग करवाने में आप तो विश्व रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। काहे नहीं झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोगों पर एक साथ मुकदमा दर्ज करवा देते हैं? इस कदम से आप अपने कलेजे में जल रहे राजनीतिक बदला और प्रतिशोध की आग को ठंडा कर लेते। क्या पता, यह मौका आपको दोबारा कभी ना मिले।

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची

4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE

Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

# मोरहाबादी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी प्रतियोगिता में सीएम हेमंत हुए शामिल




आजाद सिपाही संवाददाता

## दही हांडी प्रतियोगिता और लेजर शो का लिया आनंद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची की ओर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव -2024 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने गोविंदा आला रे.... के जयघोष के बीच दही हांडी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर आधारित लेजर शो का भी आनंद लिया। वहीं, बाल गोपाल तथा बाल राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के अवसर पर आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमों से हमारी पौराणिक परंपरा-संस्कृति मजबूत होती है। ऐसे कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह ने पेरिस ओलंपिक- 2024 में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी और मोमेंटो सप्रेम भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, यशस्विनी सहाय, कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची के संरक्षक डॉ कुमार राजा और डॉ राजेश गुप्ता, अध्यक्ष विनोद गोप एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments

Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**